दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 अंक 42 सीकर, गुरूवार 09 अप्रेल 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8


# कुछ घंटों में ही सीजफायर टूटा...

## शांति समझौते के कुछ घंटे बाद ही ईरान की तेल रिफाइनरी पर हमला

नई दिल्ली।

अमेरिका-ईरान युद्ध में घोषित सशर्त सीजफायर महज कुछ घंटों बाद ही ईरान की तेल रिफाइनरी पर हमला हो गया। बुधवार सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दो हफ्ते के सीजफायर की घोषणा के कुछ ही घंटे बाद ईरान के लवन द्वीप पर स्थित प्रमुख तेल रिफाइनरी पर हमला हो गया। ईरानी सरकारी टीवी ने इसकी पुष्टि की। हमले के समय स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे आग की लपटें उठीं और धुएं का गुबार आसमान में छा गया।

### लवन द्वीप क्यों महत्वपूर्ण?

लवन द्वीप ईरान का प्रमुख ऑफशोर ऑयल टर्मिनल है, जहां से देश का बड़ा हिस्सा कच्चा तेल और गैस निर्यात होता है। यह द्वीप स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास स्थित है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का महत्वपूर्ण रास्ता है। हमले से तेल निर्यात पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। ईरान की नेशनल ऑयल रिफाइनिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने इसे दुश्मनों का कायरतापूर्ण हमला बताया। फायर फाइटर मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हमले के लिए अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

### होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद, लेबनान पर इजरायली हमलों के बाद ईरान का बड़ा फैसला

अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर के एलान को अभी 24 घंटे भी नहीं बीते हैं कि तेहरान ने एक बार फिर होर्मुज स्ट्रेट बंद कर दिया है। फॉर्स न्यूज ने के मुताबिक, यह फैसला लेबनान पर इजरायली हमलों के चलते लिया गया है। फार्स न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान में इजरायल के हमलों के कारण ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से तेल टैंकरों के मार्ग को रोक दिया है। फार्स की रिपोर्ट है कि ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष विराम प्रभावी होने के बाद आज सुबह दो तेल टैंकरों को जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी गई। एजेंसी की रिपोर्ट है, लेबनान पर इजरायल के हमलों के साथ, होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों का गुजरना रोक दिया गया है।

### सीजफायर की नाजुक स्थिति

मंगलवार को ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने की शर्त पर दो हफ्ते का सशर्त सीजफायर घोषित किया था। चीन की कूटनीतिक भूमिका को इसमें अहम माना गया था। लेकिन हमले ने पूरे समझौते पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिकी वाइस प्रेसिडेंट जेडी वैंस ने इसे नाजुक समझौता बताया था, जो सही साबित होता दिख रहा है। ईरान के अधिकारियों ने हमले की निंदा की है और कहा कि सीजफायर का उल्लंघन किया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की। कुछ रिपोर्ट्स में यूएई और कुवैत से भी ड्रोन हमलों की खबर आई, जिससे क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया।



## अमेरिका बोला- ईरान के भीख मांगने पर सीजफायर किया

### लेकिन परमाणु बम नहीं बनाने देंगे; ट्रम्प बोले- ईरान को हथियार दिए तो 50% टैरिफ लगाएंगे

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया कि ईरान की लीडरशिप सीजफायर के लिए भीख मांग रही थी, क्योंकि उसके पास कोई रास्ता नहीं बचा था। उन्होंने कहा कि अब किसी भी हालत में ईरान को परमाणु बम बनाने नहीं दिया जाएगा। हेगसेथ ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट खुला है और जहाज वहां से गुजरते रहेंगे। अमेरिका और ईरान की सेनाएं इस इलाके पर नजर रखे हुए हैं। ट्रम्प के पास इतनी ताकत थी कि वो चाहें तो कुछ ही मिनटों में ईरान की पूरी अर्थव्यवस्था ठप कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर कोई देश ईरान को हथियार देगा, तो उस पर 50% टैरिफ लगाया जाएगा। यह फैसला तुरंत लागू होगा और इसमें कोई छूट नहीं होगी। अमेरिका और ईरान के बीच करीब 40 दिन बाद 2 हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी है। ट्रम्प ने बताया कि यह फैसला पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ की अपील के बाद लिया गया।

खाड़ी देशों ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए सीजफायर का स्वागत किया, लेकिन चिंता भी जताई है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान की ताकत और होर्मुज स्ट्रेट पर उसका कंट्रोल बढ़ता है तो भविष्य में और बड़े संकट खड़े हो सकते हैं।



## बीस हजार की रिश्वत लेते रोडवेज के मुख्य प्रबंधक गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम दौसा आगार के मुख्य प्रबंधक विश्राम मीणा को बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी अलवर प्रथम द्वारा की गई। एसीबी पुलिस महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी हेल्पलाइन नंबर 1064 पर परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह बीमारी के चलते 18 दिसंबर 2025 से मेडिकल अवकाश पर था और 19 जनवरी 2026 को स्वस्थ होने के बाद ड्यूटी जॉइन कर ली थी। उसने अपने मेडिकल से जुड़े सभी दस्तावेज कार्यालय के बाबू (एलडीसी) भगवत को जमा करा दिए थे। इसके बाद 25 मार्च 2026 को परिवादी जब मेडिकल अवकाश स्वीकृत करवाने के लिए मुख्य प्रबंधक विश्राम मीणा से मिला तो उन्होंने इसके एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। शिकायत के सत्यापन के दौरान 2 अप्रैल और 7 अप्रैल 2026 को भी रिश्वत मांग की पुष्टि हुई। इस पर उप महानिरीक्षक पुलिस अनिल कयाल के सुपरवीजन में एसीबी चौकी अलवर प्रथम के प्रभारी उप अधीक्षक पुलिस शब्बीर खान के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी विश्राम मीणा को परिवादी से 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा।

## पटवारी बारह हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने हनुमानगढ़ जिले के नोहर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए राजस्व पटवारी प्रदीप कुमार को बारह हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी हनुमानगढ़ इकाई द्वारा की गई। एसीबी पुलिस महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि पटवारी प्रदीप कुमार, जो पटवार मंडल जबरासर तहसील नोहर में कार्यरत है। परिवादी के पिता और चाचा के नाम वसीयत के आधार पर इंतकाल दर्ज करने के बदले पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने उप महानिरीक्षक पुलिस भूवण भूषण यादव के सुपरविजन में ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। इस दौरान एसीबी हनुमानगढ़ की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुधा पालावत के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को बारह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

## कर्मचारी फेडरेशन संघ के चुनाव संपन्न

निसं



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** नगर परिषद चूरू के सभागार भवन में राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन संघ जयपुर राजस्थान के जिला चूरू के अध्यक्ष पद एवं विभिन्न सदस्यगणों के चुनाव का राजस्थान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रिछपाल सिंह चौधरी के सानिध्य में सम्पन्न हुए। चुनाव में जिला अध्यक्ष पद पर मनोहर सिंह रतननगर, संरक्षक पद पर इरफान अली सहायक अभियंता नगर परिषद चूरू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर भंवर लाल पेंटर, जिला मीडिया प्रभारी पद पर नरेन्द्र कुमार, जिला उपकोषाध्यक्ष के पद पर संजय बारी नगर पालिका को सर्व सम्म्मति से चुने गये। इस अवसर पर जिले की समस्त नगर परिषदों एवं पालिकाओं के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## शीतला माता का रात्रि जागरण आज

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** कंचनपुर के शीतला चौक में गुरुवार को शीतला माता का विशाल भंडारा और रात्रि जागरण आयोजित किया जाएगा। समिति के ओमप्रकाश कुमावत ने यह जानकारी दी। आज सुबह 10 बजे माता रानी की विशाल झांकी निकाली जाएगी। इसके लिए माता रानी के मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाएगा। रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें लोकेश जिंदौलिया राजपाल भाटी, सिमरन डांसर, पूजा सुरेरा और पूरन छैला एंड पार्टी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सुबह भक्त ठंडे पकवानों का भोग लगाएंगे। इससे पहले रांध्या पोया के दिन महिलाएं माता रानी के लिए विशेष पकवान तैयार करती हैं। सुबह परिवार की मंगल कामना के लिए सामूहिक रूप से गीत गाते हुए माता रानी को भोग अर्पित किया जाता है।

## श्रीराम विद्यालय का 34वां वार्षिकोत्सव कल

निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** कस्बे की निजी शिक्षण संस्थान श्रीराम उच्च माध्यमिक विद्यालय का 34वां वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 10 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कार्यक्रम के अध्यक्ष शिक्षाविद दुर्गा दत्त दाधीच, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार हरदीप सिंह, थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल, राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू खेड़ीवाल, पीएमश्री विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सिंह राठौड़, समाजसेवी नरेंद्र बैद, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता हेमराज बैरवा, समाजसेवी पवन झेड़ू आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां विद्यालय परिसर में जोर-शोर से चल रही है ।

## असम, केरल और पुडुचेरी में कुल 296 सीटों पर मतदान आज

नई दिल्ली।



असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का शोर अब पूर्ण रूप से थम चुका है। गुरुवार को इन तीनों क्षेत्रों की कुल 296 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होने हैं। इसके साथ ही उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। चुनाव आयोग के अनुसार, असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर वोटिंग कराई जाएगी।

असम की बात करें तो यहां कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। खास बात यह है कि 18-19 वर्ष आयु वर्ग के करीब 5.75 लाख युवा पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। असम की 126 सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में हैं और यहां बहुमत का आंकड़ा 64 है। राज्य की 15वीं विधानसभा का कार्यकाल 20 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। वहीं, केरल में 140 सीटों के लिए 833 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां मुख्य राजनीतिक दलों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत जरूरी है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 थर्ड जेंडर वोटर्स शामिल हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, जिनमें से 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां सरकार बनाने के लिए 16 सीटों का बहुमत जरूरी है। कुल 9.44 लाख मतदाताओं में लगभग 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं और 139 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, नामांकन प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया था।

## राजस्थान में इस साल दूसरी बार महंगा हुआ सरस घी

### हर वजन की कीमतों में बदलाव, जानें- कितनी और कब से बढ़ेगी रेट

जयपुर।

राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ने मंगलवार देर शाम सरस घी 20 रुपए महंगा कर दिया। यह बढ़ोतरी बाजार में आज (बुधवार) से लागू होगी। नई रेट लिस्ट के मुताबिक, आज से सरस का एक लीटर घी (सामान्य) का पैकेट 551 की बजाए 571 रुपए में मिलेगा। एक लीटर गाय का घी 570 की बजाए 590 रुपए में मिलेगा। इसी तरह 5 लीटर का टिन पैक 2740 रुपए में मिलता था। अब यह बढ़कर 2840 रुपए हो गया है। 15 किलोग्राम का टिन पैक जो पहले 9345 रुपए में मिलता था, अब 9495 रुपए में मिलेगा। सरस के घी के दामों में इस साल में ये दूसरी बार बढ़ोतरी की है। इससे पहले आरसीडीएफ प्रबंधन ने 2 जनवरी को घी के दामों में 20 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की थी। हालांकि उस समय से दरें केवल 15 किलोग्राम टिन पैक पर ही बढ़ाए थे, जबकि अन्य दूसरी पैकिंग वाले घी के दामों में कोई बदलाव नहीं किया था।

## शतरंज प्रतियोगिता में प्रिंस के विद्यार्थियों ने जीते चार गोल्ड मेडल



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** सीकर में आयोजित 14 वर्ष छात्र व छात्रा ओपन शतरंज प्रतियोगिता में सीकर स्थित प्रिंस एजुहब के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर चार गोल्ड मेडल जीते हैं। प्रतियोगिता में प्रिंस लोटस वैली प्री-फाउण्डेशन के छात्र भावेश डाडवाल, अनंत कुमार, प्रिंस एकेडमी के छात्र अभिराज स्वामी एवं फ्लोरेटो वर्ल्ड स्कूल की छात्रा परिमिति भारद्वाज ने गोल्ड मेडल जीता है।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन आदि ने विजेता विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाइयां दी।

## जयंत चौधरी ने स्किल आउटकम्स फंड बनाने के लिए अभियान शुरू किया

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने स्किल्स आउटकम्स फंड बनाने के अभियान की शुरुआत की। यह अपनी तरह की पहली पहल है जिसका उद्देश्य कम आय वाले पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए आकांक्षी आजीविका के अवसरों को अनलॉक करना है। प्रस्तावित स्किल्स आउटकम्स फंड को कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एनएसडीसी द्वारा गैर-लाभकारी और परोपकारी संगठनों/स्टेकहोल्डर्स के साथ साझेदारी में संचालित किया जाएगा। ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट द्वारा आयोजित फंडर राउंड टेबल की अध्यक्षता करते हुए जो स्किल्स आउटकम्स फंड के निर्माण के अभियान के तहत आयोजित सीरीज की पहली बैठक थी, मंत्री जयन्त चौधरी ने कहा कि शिस्कल्स आउटकम्स फंड हमारे इस संकल्प को दिखाता है कि स्किल्स हमारे युवाओं के लिए असली मौकों, लगातार रोजगार और सम्मानजनक कार्य में परिवर्तित हों। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की सीनियर इकोनॉमिक एडवाइजर, मनीषा सेनसर्मा ने कहा, शिस्कल्स आउटकम फंड भारत की बड़ी स्किलिंग और ह्यूमन कैपिटल स्ट्रैटेजी के तहत ऐसे तरीकों को इंस्टीट्यूशनल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## उत्कर्ष परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय कोहिगा में 10 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कर्ष परिणाम देने वाली तीन विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जगदीश लाटा ने बताया कि विद्यालय की 91 प्रतिशत लाने बाली पूनम कंवर, 86 प्रतिशत रक्षा बरोड़ व 81 प्रतिशत रेखा शर्मा ने प्राप्त कर शाला का मान बढ़ाया है। इनको शाला परिवार की तरफसे सम्मनित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रधान संजय कुमार शर्मा, मुंशीलाल मेहरा, नन्दकिशोर सैनी, प्रवेश शर्मा, ओम पिलानिया, कन्हैयालाल शर्मा, सरिता, प्रियंका, कृष्णा, विमला, बजरंग सहारण, मनोज, प्रभुदयाल, अक्षय, वसीद, पवन पांडिया तथा अन्य लोग मौजूद थे।

## कोबरी-सार



# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरूवार को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं को शिशु स्वस्थ हो और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम के बारे में जानकारी दी जाती है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। साथ विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके।

# तेज अंधड़ व बारिश से रबी की फसलें हुई खराब



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** मंगलवार शाम बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि हुई इससे रबी की खड़ी फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। किसान नेता सुभाष बुगालिया ने बताया कि रात 10 बजे के बाद तेज हवा और बिजली चमकने के साथ कई गांवों में बारिश हुई। दिन में अचानक मौसम ने करवट ली, जिससे आसमान में घने बादल हो जाने से अंधेरा छा गया। इसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई। क्षेत्र के छऊ, अजाड़ीकला, जाखल, सौंथली, गुस्साईयों की ढाणी व भगेरा सहित कई गांवों में बारिश दर्ज की गई। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। बुगालिया ने बताया कि वर्तमान में किसानों के खेतों में गेहूं, चना और जौ जैसी प्रमुख रबी फसलें खड़ी हैं। लगातार हो रही इस बारिश से इन फसलों के प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है।यदि बारिश इसी तरह जारी रहती है, तो खड़ी फसलें पूरी तरह खराब हो सकती हैं। इस बेमौसम बारिश से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सरकार जल्द ही गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा दें।

# कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के आयोजन को लेकर निर्देश

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर चूरू जिला मुख्यालय पर 09 परीक्षा केन्द्रों में 18 अप्रैल, 2026 को सवेरे 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक एक पारी में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2026 की पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए समुचित निर्देश दिए हैं। जारी आदेशानुसार पुलिस विभाग व चूरू उपखंड अधिकारी को परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधनों का उपयोग को सख्ती से रोके जाने, साइबर सेल को सक्रिय करने व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने, डीईओ माध्यमिक व केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा केन्द्रों पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय अधिनियम, 2022 से संबंधित प्रावधान का पेम्पलेट चस्पा करवाने, चूरू व सुजानगढ़ जिला परिवहन अधिकारी तथा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड चूरू व सरदारशहर आगार प्रबंधक को परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज बसों का शेड्यूल तय करने सहित अन्य अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए गए हैं।

# अपहृत बालक को किया सकुशल दस्तयाब, पांच आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी पुलिस ने देर शाम को निजामपुर मोड़ से अपहृत किए गए बालक को सकुशल बरामद कर लिया। इस दौरान पुलिस ने वारदात में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसका लड़का उसके पड़ौसी के साथ रोजाना वेटनरी कम्पाउण्डर की प्रक्टिस करने जाता है, जो रोजाना की तरह घर से पड़ौसी के साथ काम पर गया था। इस दौरान पडोसी ने 3 बजे फोन पर सूचना दी कि आपके लड़के को एक काले रंग की स्वीफ्ट डिजायर गाड़ी मे ओमबीर सैनी, विकास, नीरज जोगी, हिमांशु कालिया चारों मिलकर गैस एजेन्सी के सामने खेतडी रोड से जबरदस्ती मारपीट कर गाडी मे डाल कर ले गए। जिसकी निजामपुर मोड़ व आस पास काफी तलाश किया परन्तु कहीं पर भी नही मिला। पुलिस ने मामले को गम्भीरता को लेते हुये अपहृत बालक की तलाश हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा तकनिकी व मानवीय आसूचना की मदद से अपहृत बालक को सकुशल दस्तयाब किया गया। इस दौरान पुलिस ने वारदात में शामिल विकासनगर नानूवाली बावड़ी निवासी अशोक कुमार, ओमवीर सैनी, दिपांशु सैनी, जसरापुर निवासी हर्ष मिश्रा, खरखड़ा निवासी विकास कुमार सैनी को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से वारदात के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एसआई हनुमान प्रसाद, एएसआई धूडसिंह, धर्मवीर, एचसी सुगन सिंह, पवन कुमार, महेश कुमार, कांस्टेबल अनिल कुमार पुनित, मनीष कुमार आदि शामिल थे।

# शिव मंदिर का चतुर्थ पाटोत्सव आज

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में स्थित शिव मंदिर का गुरूवार को चतुर्थ पाटोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर मंत्री विमल शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म मंदिर स्थित नवीन शिव मंदिर का पाटोत्सव गुरूवार सुबह सवा सात बजे दीपक मोदी परिवार द्वारा भोले बाबा के रूद्रा अभिषेक के साथ पाटोत्सव मनाया जाएगा।

# नवकार महामंत्र दिवस आज

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में एक भव्य, ऐतिहासिक एवं वैश्विक आध्यात्मिक आयोजन विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन 9 अप्रैल को जैन चौक, नोखा में सुबह 9 बजे से परम पूज्य आचार्य भगवन 1008 रामलाल म. सा.बेले-बेले के तपस्वी, बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि म.सा. एवं उनके आज्ञानुवर्ती चारित्र आत्माओं के सानिध्य में होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के पोस्टर का अनावरण जिला कलेक्टर निशांत जैन एंव पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने समता युवा संघ नोखा टीम के साथ किया। उन्होंने इस अनूठी आध्यात्मिक पहल की सराहना करते हुए जैन समाज एवं समता युवा संघ नोखा को शुभकामनाएं प्रेषित की। समता युवा संघ, नोखा के मंत्री वीरेंद्र बैद ने जिला कलेक्टर एंव पुलिस अधीक्षक को कार्यक्रम में ससम्मान आमंत्रित करते हुए बताया कि वर्ष 2025 में इस आयोजन की शुरुआत विज्ञान भवन, नई दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हुई थी। उस दौरान 108 से अधिक देशों में एक साथ सामूहिक नवकार महामंत्र जाप कर विश्व में शांति, सकारात्मकता और सद्भाव का संदेश फैलाया गया था। उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष भी यह आयोजन वैश्विक स्तर पर विश्व शांति, अहिंसा एवं आध्यात्मिक चेतना के उद्देश्य से किया जा रहा है। वर्तमान समय में विश्व के कई हिस्सों में चल रहे युद्ध और तनावपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए, यह आयोजन मानवता को शांति, सह-अस्तित्व और भाईचारे का संदेश देने के लिए और भी अधिक महत्वपूर्ण बन जाता है। नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से विश्व में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और सद्भाव का प्रसार करने का यह एक विनम्र प्रयास है। समता युवा संघ, नोखा के अध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा ने जानकारी देते हुए कहा कि यह आयोजन केवल जैन समाज तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों के वैश्विक प्रसार का एक प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। समता युवा संघ, नोखा ने जानकारी दी कि इच्छुक श्रद्धालु पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे इस आध्यात्मिक अभियान से जुड़कर करुणा, शांति और भाईचारे के



संदेश को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर समता युवा संघ नोखा के अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा, मंत्री वीरेंद्र बैद, कोषाध्यक्ष मनीष कांकरिया, अविनाश कांकरिया, जितेंद्र कांकरिया आदि जिला कलेक्टर एंव पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित रहे। श्री साधुमार्गी जैन संघ नोखा के अध्यक्ष भींवराज कांकरिया, मंत्री गौतम पारख, कोषाध्यक्ष सुनील आचलिया, साधुमार्गी जैन महिला मण्डल के अध्यक्ष ममोल बैद, मंत्री नम्रता संखलेचा, कोषाध्यक्ष मनीषा बोथरा, समता युवा संघ, युवती शक्ति, सम्सत जैन समाज एंव नोखावासी सब एक साथ मिलकर इस विशाल कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान कर रहे है।

# टॉपर रहने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान



निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** मण्डी स्थित श्रीमण्डी कमेटी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में विद्यालय टॉपर रहने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। सीबीईओ नवलगढ़ आत्माराम, एसीबीईओ कुलदीप पूनिया, प्रधानाचार्य मूलचंद कालेर, प्रधानाचार्य सरोज शर्मा, प्रधानाचार्य परमेश्वर लाल चेजारा, अशोक सैनी, भामाशाह राजेंद्र प्रसाद भोड़कीवाला, सेवानिवृत व्याख्याता रामकुमार डोटासरा, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र शर्मा, जयप्रकाश साहु, सुरेश शर्मा, राधेश्याम शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश गुप्ता एवं स्टॉफ सदस्यों ने अतिथियों का सम्मान किया। बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहने वाले विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर एवं पदक देकर सम्मान किया गया। अतिथियों की ओर से राजनीति विज्ञान एवं भूगोल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर विषय अध्यापक महेश साहू एवं व्याख्याता मनीषा भारद्वाज को सम्मानित किया गया। भामाशाह राजेन्द्र प्रसाद भोड़कीवाले ने विद्यालय के सभी दरवाजों पर कलर करवाने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन मनीषा भारद्धाज ने किया। नवी कक्षाओं की चार मेधावी छात्राओं राज्य सरकार की ओर से साईकिल वितरण की गई।

# ब्राह्मण गौरव सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का होगा अभिनंदन

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय ब्राह्मण समाज द्वारा वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन 12 अप्रैल रविवार को दोपहर 1 बजे पीरू सिंह सर्किल स्थित खजाना रेस्टोरेंट सभागार में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच रहेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा होंगे जो मेधावी विद्यार्थियों को ब्राह्मण गौरव सम्मान से सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक उमाशंकर महमिया एवं राकेश सहल ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक कुल 43 विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इच्छुक विद्यार्थी 10 अप्रैल तक 9079925571, 9672045888 पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना, उनका मनोबल बढ़ाना तथा शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# श्रीअन्नपूर्णा रसोई का पौष्टिक भोजन कर मनोज कुमार ने की प्रशंसा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के हर जरूरतमंद तक मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों तक गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने के लिए श्रीअन्नपूर्णा रसोईयों का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अन्नपूर्णा रसोई योजना ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में चूरू जिले में संचालित कुल 27 श्रीअन्नपूर्णा रसोईयों में जरूरतमंदों, श्रमिकों व ग्रामीणों को सस्ता, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन मिल रहा है। इसी क्रम में जिले के दूधवाखारा में संचालित श्रीअन्नपूर्णा रसोई संख्या 89 पर भोजन करने के बाद गांव के ही किसान व मजदूर मनोज कुमार ने रसोई की व्यवस्थाओं व भोजन के प्रति संतुष्टि जाहिर करते हुए सराहना की। किसान मनोज



कुमार बताते हैं कि वह नियमित रूप से सुबह और शाम यहां भोजन करते हैं। श्रीअन्नपूर्णा रसोई पर मात्र 08 रुपए में स्वच्छ, स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कम कीमत में मिलने वाला यह भोजन न केवल पेट भरता है, बल्कि गुणवत्ता के लिहाज से भी संतोषजनक है। वह बताते हैं कि मात्र 8 रुपये में मिलने वाला भोजन स्वादिष्ट होने के साथ-साथ स्वच्छ और पौष्टिक भी है, जिससे उन्हें काफी सुविधा मिल रही है। मनोज कुमार ने भोजन की गुणवत्ता की सराहना करते हुए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा है कि इस जनहितकारी योजना से जरूरतमंदों को 08 रुपये में पौष्टिक भोजन प्राप्त हो रहा है। श्रीअन्नपूर्णा रसोई संख्या-89 का पर भोजन की गुणवत्ता के बारे में ग्रामीणों का कहना है कि इस योजना से गरीब और जरूरतमंद लोगों को सम्मानपूर्वक भोजन मिल रहा है, जो प्रदेश सरकार की एक सराहनीय पहल है। राजीविका से जुड़ी महिला रसोई संचालक गीता देवी बताती हैं कि उन्हें भी राजीविका गतिविधियों से जुड़कर आजीविका कमाने और पारिवारिक आय में बहुत लाभ मिल रहा है। गौरतलब है कि चूरू जिले में कुल 27 श्रीअन्नपूर्णा रसोइयां संचालित हैं, जिनमें से चूरू ब्लॉक में 02, रतनगढ़ ब्लॉक में 04, राजगढ़ ब्लॉक में 03, तारानगर ब्लॉक में 06, सुजानगढ़ ब्लॉक में 05 व बीदासर ब्लॉक में 07 श्रीअन्नपूर्णा रसोइयां संचालित हैं।

# कालीदास महाराज का मेला उत्सव 11 को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** क्षेत्र के प्राचीनतम धार्मिक स्थलों में से एक श्री ध्यानदास महाराज आश्रम, दाऊ धाम, कालाकोटा टोड़ा-दरीबा में परमपूज्य अनंत विभूषित जगतगुरु बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज के सान्निध्य में महाराज कालीदास महाराज का भव्य मेला उत्सव 11 अप्रैल शनिवार को आयोजित होगा।

मेला-उत्सव के पहले दिन 10 अप्रैल की रात्रि 9 बजे से रात्रि-सत्संग का कार्यक्रम प्रभु इच्छा तक चलेगा। 11 अप्रैल शनिवार को दिन में सुबह सवा 10 बजे से नहड़ा प्रोग्राम होगा जिसमें कलाकार प्रहलाद घाटियाला, रामसिंह चोटक्या, इन्द्राज महासी चिमनपुरा अपनी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मंच संचालन जाने माने एंकर हमीर सिंह मंढ़ा करेंगे।

# सिनेमा ऑफद ईयर अवॉर्ड्स : 2025 की बेहतरीन हिंदी फिल्मों को मिला नामांकन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जिफ एवं न्यू दिल्ली फिल्म फेस्टिवल एनडीएफएफ द्वारा प्रस्तुत सिनेमा ऑफ द ईयर सीटीए-इंडियन सिनेमा अवॉर्ड्स आईसीए 2025 के लिए आधिकारिक नामांकन घोषित कर दिए गए हैं। ये नामांकन वर्ष 2025 में रिलीज हुई हिंदी फिल्मों में से चयनित किए गए हैं। इस प्रतिष्ठित पहल का उद्देश्य हिंदी सिनेमा में उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को पहचान देना और प्रतिभाशाली कलाकारों को सम्मानित करना है। आयोजन समिति के अनुसार इस अवॉर्ड का दूसरा चरण दक्षिण भारतीय सिनेमा के लिए अलग से शुरू किया जाएगा। हर वर्ष रिलीज होने वाली हिंदी फिल्मों को ध्यान में रखते हुए जिफ और एनडीएफएफ द्वारा इन पुरस्कारों की शुरुआत की गई है। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए ज्यूरी में फिल्म इंडस्ट्री के तीन प्रोफेशनल्स, एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम तथा आयोजन समिति का एक प्रतिनिधि शामिल है। इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में महावतार नरसिम्हा, धुरंधर, हक, ह्यूमन्स इन द लूप, जुगनुमा-द फैबल, द मेहता बॉयज और मेट्रो3 इन डिनो जैसी फिल्मों को नामांकित किया गया है। इसके अलावा निर्देशन, अभिनय, लेखन, संगीत, छायांकन, संपादन और अन्य तकनीकी श्रेणियों में भी देश के प्रमुख कलाकारों और रचनाकारों को स्थान मिला है, जिससे प्रतिस्पर्धा और भी रोचक हो गई है। संस्थापक निदेशक हनु रोज ने बताया कि इस वर्ष की नामांकन सूची भारतीय सिनेमा की विविधता, समकालीन विषयों और रचनात्मक प्रयोगों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इन पुरस्कारों के माध्यम से उन फिल्मों और कलाकारों को मंच प्रदान किया जा रहा है, जिन्होंने पूरे वर्ष अपने उत्कृष्ट कार्य से दर्शकों और समीक्षकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा है।

प्रवक्ता नितिन शर्मा ने बताया कि यह पहल पूरी तरह लोकतांत्रिक, पारदर्शी और उच्च मानकों पर आधारित है, जिसमें किसी भी प्रकार के प्रभाव की कोई गुंजाइश नहीं है। जैसा काम, वैसा चयन और पुरस्कार इसकी मूल भावना है। आयोजन समिति ने जानकारी दी है कि सीटीए-आईसीए 2025 के विजेताओं की आधिकारिक घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। यह अवॉर्ड हिंदी सिनेमा के रचनात्मक और तकनीकी उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# सर्व समाज मनाएगा बाबासाहेब की जयंती

निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** नगरपालिका क्षेत्र सिंघाना में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती आगामी 14 अप्रैल को पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन कृष्णा मैरिज गार्डन, सिंघाना में सायं 4 बजे से किया जाएगा। इस भव्य समारोह में सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री एवं राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य किशन लाल जैदिया ने की। इस दौरान उन्होंने बाबासाहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर विशेष जोर दिया।



## बैठक में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डी.पी. सैनी, बाबूलाल कालोडिया, रामुतार हलवाई, नरेंद्र शर्मा, छाजूराम सैनी, सत्यवीर गजराज, मैक्स नायक, महावीर प्रसाद सैनी, राजू गराटी, हवा सिंह चौधरी, इकबाल खान, विक्रम सैनी, विनोद नायक, रफीक खान, पिंटू भार्गव, रणजीत, महिपाल मीणा एवं कप्तान रामनिवास सहित समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

## तैयारियों को लेकर दी जानकारी

कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों की विस्तृत जानकारी बाबूलाल कालोडिया ने साझा की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला होगा, जिसमें सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# नवीन शिक्षा सत्र और निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा अभिभावकों से खुली लूट

**जयपुर ( नवयत्न )।** डबल इंजन की सरकार और राजस्थान राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल की बहरी हुकूमत में गरीब और मध्यम वर्गीय अभिभावकों से पाठ्य-पुस्तकों के नाम पर निजी स्कूलों में खुली लूट स्कूल माफियाओं के आगे प्रशासनिक अधिकारी भी खामोश जो प्रशासन और शिक्षा मंत्री की कार्य शक्ति पर प्रश्न चिह्न लगा रहे हैं और निजी स्कूलों में आमजन चुपचाप अपने बच्चों के भविष्य की चिंता को लेकर खामोश हैं। निजी स्कूलों में पाठ्य-पुस्तकों, स्कूल ड्रेस, टाई बैल्ट तक स्कूल-वेंडर कमीशन सिस्टम पर नहीं लग रही है रोक निजी स्कूलों में बढ़ती मनमानी और अभिभावकों के आर्थिक शोषण को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है संयुक्त अभिभावक संघ के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने। संघ का कहना है कि पहले जहां फीस के नाम पर अभिभावकों से अत्यधिक वसुली की जाती थी वहीं अब किताब-कॉपी, ड्रेस एवं स्टेशनरी के नाम पर भी संगठित रूप से लूट का खेल जारी है। अधिकतर निजी स्कूलों के संचालक मंडल के सदस्य राजनैतिक पार्टियों के सदस्य हैं या राजनेताओं का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षण प्राप्त है। संघ के अनुसार सरकार द्वारा निजी स्कूलों को किताब कॉपी खरीदने के लिए कम से कम पांच वेंडर की सूची देने का प्रावधान किया गया है साथ ही में एक अप्रैल को शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने समस्त जिला अधिकारियों को आदेश भी जारी कर ब्लॉक स्तर पर तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर निजी की जांच करने तक के आदेश दिए हैं ताकि अभिभावकों को राहत मिल सके।

# गंदे पानी की आपूर्ति, जलदाय विभाग ने ठीक करवार पेयजल लाईन

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड 10 में सुबह पेयजल आपूर्ति में गंदा पानी चला गया। इससे वार्ड में हड़कम्प मच गया। सूचना पर जलदाय विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा आपूर्ति को चैक कर लकीज को ठीक करवाया गया। वार्ड नम्बर 10 में सूचना मिली कि पेयजल आपूर्ति के साथ गंदा पानी आ रहा है। इससे मटकों व घरों की टंकियों में गंदा पानी जमा हो गया। इस पर लोगों ने तुरंत जलदाय विभाग को सूचना दी। इसके बाद लोगों ने अपने घरों का पानी खाली कर दिया। मौके पर एईएन श्याम सुन्दर सैन ने जेईएन बृजमोहन ओला व देवेन्द्र जांगिड़ को भेज कर गंदे पानी की समस्या को तुरंत दूर करने का निर्देश दिया। इस पर दोनों अधिकारी मजदूरों के साथ मौके पर पहुंचे तथा अनेक स्थानों पर खुदाई कर लकीज को ढूंढ लिया। इसके बाद पहले सीवरेज लाईन को ठीक करवाया



गया इसके बाद पेयजल आपूर्ति लाईन को ठीक कर पेयजल आपूर्ति बहाल की गई। इसके बाद फिर से घरों में पानी को चैक किया गया। जब पानी स्वच्छ पहुंचा तो जलदाय विभाग ने राहत की सांस ली। देवेन्द्र जांगिड़ ने बताया कि सीवरेज लाईन में लीकेज था। जिसकी वजह से गंदा पानी पेयजल आपूर्ति लाईन में रिस कर जा रहा था। इसके बाद दोनों ही लाईनों को ठीक कर पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। जनता तुरन्त जानकारी दे तो लकीज ठीक हो सकते हैं।

# कांग्रेस की बैठक आज

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला कांग्रेस कमेटी नीमकाथाना के जिला अध्यक्ष गोविंद नारायण घसिया, पूर्व पीसीसी सचिव बालेन्दु सिंह शेखावत, प्रभारी महेंद्र लांबा, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक पधादिकारी व कांग्रेस जन पीसीसी द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों को लेकर गुरुवार को प्रात: 10:30 बजे स्टेशन रोड स्थित पटवारी धर्मशाला श्रीमाधोपुर में मीटिंग करेंगे। इस मीटिंग में भाजपा की विफल सरकार के विरोध में आगे के कार्यक्रमों पर भी चर्चा की जाएगी।

## कबीरसर के राहुल सिंह ने जूरी मेंबर के रूप में निभाई अहम भूमिका

निसं



**बिसाऊ ( नवयत्न )।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में आयोजित दो दिवसीय सहारनपुर नेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 में झुंझुनूं जिले के कबीरसर गांव के उभरते फिल्म निर्देशक व लेखक राहुल सिंह कबीरसर को जूरी सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया। 31 मार्च से 1 अप्रैल तक चले इस प्रतिष्ठित महोत्सव में देशभर से आई 70 से अधिक फिल्मों का प्रदर्शन और चयन किया गया। महोत्सव के दौरान राहुल सिंह ने अन्य जूरी सदस्यों के साथ मिलकर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट फिल्मों का चुनाव किया। इस अवसर पर बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता अतुल श्रीवास्तव की चर्चित फिल्म प्रभात फेरी का भी विशेष प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माँ शाकंभरी यूनिवर्सिटी, सहारनपुर की वाइस चांसलर विमला ने राहुल सिंह को सम्मानित करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न और जूरी दुपट्टा भेंट कर उनका स्वागत किया। राहुल सिंह ने बताया कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उनको राष्ट्रीय स्तर के मंच पर फिल्मों के मूल्यांकन का अवसर मिला। उन्होंने इसके लिए सहारनपुर राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, मानसी अभिनय गुरुकुल व कलाकुलम की टीम और विशेष रूप से केके गर्ग, योगेश पंवार, रवि करनवाल व शुभम शर्मा का आभार व्यक्त किया।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर कार्रवाई, 13 गैस सिलेंडर जब्त

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला रसद अधिकारी सीकर विजेन्द्र पाल ने बताया कि खाद्य विभाग जयपुर एवं जिला कलेक्टर आशीष मोदी के निर्देशानुसार बुधवार को जिला रसद कार्यालय के प्रवर्तन स्टाफ द्वारा सीकर शहर में होटल, रेस्टोरेंट, भंडारा एवं रसोई आदि स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग की रोकथाम के लिए गठित जांच दल द्वारा आकस्मिक जांच कर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी सुनीता वर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक सुरभि मीणा एवं अनुराग बेरवाल द्वारा 7 प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें 14.2 किलोग्राम क्षमता के कुल 13 घरेलू गैस सिलेंडर होटल परिसरों में असुरक्षित तरीके से चाय-नाश्ता एवं भोजन बनाने में उपयोग किए जाते पाए गए। इस पर गोविंद ढाबा से 1, रॉयल सिटी रेस्टोरेंट से 3, भवानी चाट भंडार से 1, बर्गर होम से 1, अमृतम रेस्टोरेंट से 1, जायका रेस्टोरेंट से 4 तथा रॉयल किंग से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। मौके पर प्रतिष्ठानों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए तथा संतोषजनक उत्तर भी नहीं दिया गया। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने विक्रय अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि सभी उपभोक्ताओं को ओटीपी के माध्यम से ही गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बिना ओटीपी एवं बुकिंग के अनुरूप आपूर्ति करने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों एवं गोदामों पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे चालू रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने उपखंड अधिकारियों एवं खाद्य विभाग के प्रवर्तन दलों को गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंपों के नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा एवं उद्योगों को पाइपलाइन गैस कनेक्शन के लिए आवेदन करने के उपरांत ही व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति की जाएगी। पाइपलाइन गैस आपूर्ति के चीफ मैनेजर दुष्यन्त मनी ने बताया कि पाइपलाइन गैस कनेक्शन आसानी से उपलब्ध है तथा एलपीजी गैस की तुलना में सस्ता है। इसमें बुकिंग की आवश्यकता नहीं होती तथा आपूर्ति निरंतर बनी रहती है। यह सुविधा अब घरों के साथ-साथ होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, छात्रावास एवं स्कूलों को भी उपलब्ध कराई जा रही है। जिला कलेक्टर द्वारा उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखेगी तथा गैस एजेंसियों की जांच भी करेगी। साथ ही सभी अधिशासी अधिकारियों, नगर परिषद एवं नगरपालिकाओं को नगरीय क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग एवं शिकायत के लिए कस्टमर केयर नंबर 181, 112 एवं विभागीय हेल्पलाइन नंबर 14435 प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 01572-251008 है। जिले में घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की मांग एवं आपूर्ति पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अनावश्यक बुकिंग या घरेलू गैस सिलेंडरों का संग्रहण न करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह से भयभीत न हों।

# जसरापुर प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के जसरापुर गांव के पंडित सच्चिदानंद जोशी स्टेडियम में मेटालिक्स लिमिटेड के सौजन्य से जसरापुर प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता फर्स्ट सीजनद्ध का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवकुमार सुरेलिया थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक शर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवकुमार सुरेलिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करती हैं।

उन्होंने कहा कि खेलों से अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जो जीवन में सफलता के लिए बेहद जरूरी है। ऐसे आयोजन लगातार होने चाहिए, जिससे युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलें। विशिष्ट अतिथि झंडूराम गुर्जर ने कहा कि गांवों में खेलों के प्रति बढ़ता रुझान सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगाने का अवसर मिलता है और ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाओं को पहचान मिलती है। उद्घाटन मैच का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। उद्घाटन मैच हिरवा और के एस एकेडमी बगड़ के बीच खेला गया। हिरवा ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। के एस एकेडमी बगड़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 65 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिरवा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5.3 ओवर में 2 विकेट खोकर 66 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया और प्रतियोगिता की विजयी शुरुआत की। मैच में अंपायर की भूमिका संदीप मीणा और धर्मा गुर्जर ने निभाई। मैन ऑफद मैच का पुरस्कार हिरवा के खिलाड़ी अक्षय कुमार को दिया गया। इस मौके पर झंडूराम गुर्जर, सिद्धार्थ शर्मा, रामचंद्र गुर्जर पंच, ग्यारसीलाल गुर्जर, जितेंद्र कुमावत, सांवतराम जांगिड़, राजेश जलेन्द्रा, रामावतार स्वामी, शंकरलाल बोहरा, धर्मपाल गुर्जर, अंकित, सुरेश सैनी, देवीजय योगी, योगेश पांडे, हनीफ अली, सलीम अली, रामूराम खींची, सुंदरलाल सेदुका, जीतू फौजी, ओमप्रकाश टोड़पुरिया सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक सम्पन्न

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** उपखण्ड मुख्यालय पर ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जिसकी सह-अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा ने की। बैठक में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसीबीईओ प्रथम संजय शर्मा ने हाउस होल्ड सर्वे, प्रवेशोत्सव एवं नामांकन वृद्धि जैसे विषयों पर जानकारी प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्ययोजना साझा की। वहीं एसीबीईओ द्वितीय भागचंद ने नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक एवं वर्कबुक वितरण की स्थिति तथा परीक्षा परिणामों की समीक्षा पर प्रकाश डाला। इस दौरान सीबीईओ बबलेश शर्मा ने आगामी सत्र में विद्यालय संचालन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए समुचित व्यवस्थाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। सीबीईओ बबलेश शर्मा ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में सभी विद्यालय समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं विद्यार्थियों के हित को केंद्र में रखकर संचालित किए जाएं। नामांकन वृद्धि, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम हमारी प्राथमिकता है। सभी कार्मिक समर्पण भाव से कार्य करते हुए शिक्षा स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। बैठक का संचालन करते हुए आरपी रामनिवास धेतरवाल ने ब्लॉक रैंकिंग से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की और शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर ब्लॉक स्तर पर बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले संस्था प्रधानों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने शिक्षा स्तर को और बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।



## प्रवेशोत्सव एवं विजयोत्सव रैली निकाली



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंचनपुर, श्रीमाधोपुर ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों ने सम्मानित कर प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। इस अवसर पर गांव में डीजे के साथ एक विजयी जुलूस निकाला गया। प्रधानाचार्य कालूराम बुनकर से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में साक्षी वर्मा पुत्री सोनु कुमार वर्मा ने 91.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय टॉप किया वहीं केशव कुमार जांगिड़ पुत्र रुड़मल जांगिड़ ने 78.80 प्रतिशत और दिव्यांशु कुमावत पुत्र रामोतार कुमावत ने 87 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। 12 वीं बोर्ड परीक्षा कला वर्ग में विशाल कुमार धानका पुत्र सुनील कुमार धानका ने 78.80 प्रतिशत, रोहित शर्मा पुत्र मोहनलाल शर्मा ने 78 प्रतिशत, मोनिका यादव पुत्री लोकेश यादव ने 77.40 प्रतिशत और शुभम घीया पुत्र महेश घीया ने 77.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय टॉप किया। 12 वीं बोर्ड परीक्षा विज्ञान संकाय में नगीना वर्मा पुत्री ज्ञानचंद वर्मा ने 77.80 प्रतिशत, सलोनी जांगिड़ पुत्री सन्तोष कुमार जांगिड़ ने 76.40 प्रतिशत, प्रिया टेलर पुत्री सुरेन्द्र कुमार टेलर ने 75.80 प्रतिशत और ज्योति वर्मा पुत्री राजू वर्मा ने 73.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय का कक्षा 5, 8, 10 और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं का शत-प्रतिशत परिणाम रहा। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों को देखते हुए ग्रामीणों ने नृसिंह मंदिर पर प्रधानाचार्य कालूराम बुनकर का सम्मान किया।

अमरचंद शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रधानाचार्य का माला पहनाकर एवं साफा बंधवाकर स्वागत अभिनन्दन-सम्मान किया। इस सम्मान समारोह में कंचनपुर ग्राम प्रशासक सुनील जांगिड़, पूर्व उप सरपंच रामावतार यादव, निर्मल मिश्रा, सुरेन्द्र नागवान, बाबूलाल वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विजय रैली को गांव भर में मुख्य मार्गों से होकर घुमाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने जमकर डीजे पर नाच-कूद कर लुत्फ उठाया।

# पीजी विद्यार्थियों का दीक्षांत-विदाई समारोह आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में स्नातकोत्तर पीजी बैच 2022-23 के चिकित्सकों के लिए स्नातकोत्तर-दीक्षांत-विदाई-समारोह का आयोजन संस्थान के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के चिकित्सक, शिक्षक, अधिकारी एवं पीजी स्कॉलर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में उनकी भूमिका समाज के स्वास्थ्य संवर्धन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञान, सेवा और अनुसंधान के माध्यम से देश-विदेश में आयुर्वेद को नई पहचान दिलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और संस्थान में बिताए गए अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान भावुक माहौल में विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीन पीजी प्रोफेसर गोपेश मंगल ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में उपस्थित सभी जनों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## स्कूल में हुई मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय भूरमल मिश्र राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 6 में स्नेहप्रभा-जय कुमार शर्मा के सौजन्य से मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना सनातन परंपरा के अनुसार मंत्रोच्चारण के बीच पंडित मदन महाराज द्वारा की गई। प्रधानाचार्या रिंकू सोनी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक भंवरलाल पांडर, अजीत सिंह चौहान, छगनलाल सांखला, गोवर्धन जांगिड़, पवन कुमार इंदौरिया आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर भामाशाहों ने बालिकाओं से मेहनत व लगन से शिक्षा हासिल कर देश का सुनागरिक बनने की अपील की।

# उपमुख्यमंत्री बैरवा ने किया व्यावसायिक अर्थशास्त्र पुस्तक का विमोचन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर की शिक्षिका डॉ. सीमा दाधीच द्वारा लिखित पुस्तक व्यावसायिक अर्थशास्त्र का विमोचन राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने अपने सरकारी आवास पर किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बैरवा ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह कृति देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र पाठ्यक्रम के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विषय के विद्यार्थियों को इस पुस्तक से गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी। डॉ. सीमा दाधीच की अब तक विभिन्न विषयों पर चार पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें से कई पुस्तकें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल हैं।

शिक्षा क्षेत्र में उनके कई शोध पत्र प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. दाधीच को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने पुस्तक को विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए उपयोगी बताया।

## हवामहल में विकास की नई रफ्तार : 22 लाख 43 हजार की सड़क का शिलान्यास



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हवा महल विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 25 स्थित चौमू हवेली, गंगापोल क्षेत्र में विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य के कर कमलों द्वारा सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी वासियों ने विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और लोगों ने विकास कार्यों के प्रति संतोष जताया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों ने अपनी अन्य समस्याएं भी विधायक महोदय के समक्ष रखी, जिस पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इससे जनता में विश्वास और बढ़ा। विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य ने बताया गया कि इस सीसी सड़क का निर्माण कार्य 22 लाख 43 हजार रुपए की लागत से किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा। दो वर्ष के कार्यकाल में वार्ड में अब तक दो करोड़ से अधिक के विकास कार्य कराए जा चुके हैं। इस कार्यक्रम में शहर उपाध्यक्ष सुरेश गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष प्रेम सैनी पौंड्रिक, अमित पारीक जल महल, पूर्व पार्षद विक्रम सिंह, आशा गर्ग, सीमा शर्मा, विनोद मुद्गल, मान प्रकाश गुप्ता, जितेन्द्र अग्रवाल, सांवर सिंह बूथ अध्यक्ष, अमरीश पारीक, मुकेश पारीक, राजेश गुप्ता, समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी मदन नागर, विनय शर्मा, खेल शंकर, राजेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 25 पेटी अवैध देशी शराब सहित फॉर्च्यूनर गाड़ी जब्त, दो गिरफ्तार, एक फरार

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो जनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से फॉर्च्यूनर गाड़ी एवं 25 पेट्टी देशी शराब की जब्त कर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठा कर मौके से फरार हो गया। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि एसपी कावेंद्र सिंह सागर के निर्देशन में एएसपी देवेन्द्र सिंह राजावत, डीएसपी जुल्फीकार अली के सुपरविजन में अवैध शराब बैचने वाले एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। थानाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। थानाधिकारी ने बताया कि टीम ने मंगलवार देर रात्री को एएसआई कल्याण सिंह मय जाब्ता द्वारा जसरापुर के पीपली चौराहा पर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान जसरापुर की तरफ से एक सफेद रंग की फॉरच्यूनर गाड़ी जसरापुर की साइड से आती दिखाई दी। गाड़ी को आता देख कर एएसआई कल्याण सिंह ने बैरिगेट लगाकर रोकने का प्रयास किया गया तो गाड़ी चालक ने पुलिस की गाड़ी को देख कर तेजगति से चलाते हुए सरकारी गाड़ी जीप के टक्कर मार कर गाड़ी को लोयल की तरफभगा ले गया। गाड़ी की टक्कर लगने से जीप के आगे का बाई तरफ का टायर फट गया व सरकारी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने गाड़ी 112 से फॉर्च्यूनर गाड़ी का करीब आठ-दस किलोमीटर तक पीछा करते हुए लोयल का बास-श्री सरदारपुरा के पास घेराबंदी कर गाड़ी को पकड़ा। गाड़ी में तीन व्यक्ति बैठे थे। पुलिस ने लोयल निवासी करण सिंह, महेन्द्र को गिरफ्तार किया। वहीं एक आरोपी नयाबास हॉल लोयल निवासी राहुल मीणा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। फॉर्च्यूनर गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें अवैध देशी शराब की 25 पेट्टियां मिली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध देशी शराब की 25 पेट्टी व गाड़ी को जब्त कर लिया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों से गहनता से पुछताछ की जा रही है वही मौके से फरार हुए आरोपी की तलाश की जा रही है। अवैध शराब परिवहन करने वालों के खिलाफ थानाधिकारी राकेश कुमार, एएसआई कल्याण सिंह, मनीष, सुमेर, संदीप, नेमीचन्द, महीपाल शामिल थे।

# लेफ्टिनेंट सामोता बने महात्मा गाँधी कॉलेज में एनसीसी-एएनओ

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज के भूगोल के सहायक आचार्य सुरेश कुमार सामोता ने एनसीसी सीनियर डिवीजन में लेफ्टिनेंट एनसीसी ऑफिसर के रूप में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि सुरेश सामोता ने नागपुर स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी, काम्पटी में तीन माह का प्री-कमीशन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, मेजर जनरल उपकार चंद्र एवं डीएस अनुपम चौधरी द्वारा बैज लगाकर लेफ्टिनेंट की उपाधि प्रदान की गई। अनुपम चौधरी ने बताया की यह विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है जिसके देशभर में 15 लाख से अधिक कैडेट हैं। जिसका उद्देश्य युवाओं को अनुशासितए देशभक्त और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। महाविद्यालय पहुंचने पर संस्था अध्यक्षा पार्वती देवी, प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र यादव, उपप्राचार्य विजेंद्र पूनियां, श्याम सामोता, विज्ञान संकाय प्रभारी प्रमोद कुमार वर्मा, कला संकाय प्रभारी शिवप्रसाद यादव, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, कार्यालय प्रभारी धर्मपाल बिजारणिया सहित स्टाफ सदस्यों ने उनका माला पहनाकर, साफा बंधवाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर सहायक आचार्य जितेन्द्र सिंह दायमा, बृजमोहन यादव, कमलेश वर्मा, सुनीता कुड़ी, विक्रम शर्मा, दीपेंद्र वर्मा, ममता यादव, करीना कुमावत, पवन कुमार, जितेन्द्र सामोता, सरिता, डिम्पल शर्मा, अक्षिका मिश्रा, सुमन, शशिकला पालावत सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में नीचे गिरा युवक, बाल-बाल बची जान

निसं



**फतेहपुर शेखावाटी ( नवयत्न )।** सीकर से चूरू की ओर जा रही डेमू ट्रेन में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। चलती ट्रेन में चढ़ने की जल्दबाजी एक यात्री के लिए जानलेवा साबित हो सकती थी हालांकि गनीमत रही कि ट्रेन की रफ्तार कम होने से उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार हादसा बुधवार सुबह करीब पौने ग्यारह बजे हुआ। सीकर से चलकर चूरू की ओर जाने वाली डेमू ट्रेन जब फतेहपुर स्टेशन से रवाना हो रही थी, तभी एक व्यक्ति ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान सही से पैर नहीं टिकने के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे ट्रेन के नीचे जा गिरा। ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन की गति धीमी थी, अन्यथा परिणाम बेहद घातक हो सकते थे। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद रेल कर्मचारियों और लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे बाहर निकाला।

## सम्पादकीय

# देशभर में बम धमकियों का सिलसिला, सुरक्षा एजेंसियों के लिए नई चुनौती

देश भर में शिक्षा संस्थानों, अस्पतालों, सरकारी भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थलों को बम से निशाना बनाने की झूठी धमकियों का बढ़ता सिलसिला सुरक्षा की लिहाज से चुनौती बन गया है। ई-मेल या फिर सोशल मीडिया के जरिए इस तरह की धमकियां दी जाती हैं, जिससे न केवल लोगों में दहशत फैलती है, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों का कीमती समय और संसाधन भी बर्बाद होते हैं।

बीते सोमवार को चंडीगढ़ के कई स्कूलों और सरकारी इमारतों को बम से उड़ाने की धमकियां ई-मेल पर दी गईं, हालांकि जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। संभवतः धमकी देने वालों का मकसद महज दहशत फैलाना ही रहा होगा। मगर सवाल है कि आखिर इस तरह की घटनाओं पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? क्या सुरक्षा एजेंसियां धमकी देने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने में तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हैं?

ये प्रश्न इसलिए महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं, क्योंकि इस तरह के ज्यादातर मामलों में पुलिस या अन्य जांच एजेंसियां अपराधियों तक पहुंच ही नहीं पाती हैं। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में बम की झूठी धमकियां देने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। मई, 2024 में दिल्ली-एनसीआर में एक ही दिन में करीब ढाई सौ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से पुलिस के हाथ-पांव फूल गए थे। हालांकि, इस तरह की तमाम धमकियां झूठी साबित हुईं, लेकिन इससे जहां दहशत का माहौल पैदा हो जाता है, वहीं जांच एजेंसियों के सामने कई चुनौतियां पैदा हो जाती हैं। ऐसे मामलों में अब तक की जांच में सामने आया है कि धमकी भरे ज्यादातर ई-मेल वीपीएन यानी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए विदेशी आईपी पते से भेजे जाते हैं। मगर आज डिजिटल तकनीक इतनी विकसित हो चुकी है कि इसके जरिए दुनिया के किसी भी कोने में छिपे अपराधी को खोजा या पकड़ा जा सकता है। मगर पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों में अलग से बनाई गई साइबर शाखाओं के विशेषज्ञ क्या डिजिटल तकनीक में इतने पारंगत नहीं हैं कि वे ऐसे अपराधियों का पता लगा सकें? सरकार और प्रशासन को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा, क्योंकि यह केवल दहशत फैलाने का मामला नहीं है, बल्कि देश की सुरक्षा और तकनीकी क्षमता का भी सवाल है।




## विशेष आलेख

# ईरान को पहले यूएस से पिटवाया, फिर दिखावे के लिए पाकिस्तान बीच बचाव के लिए आया, वाह रे दोहरा चरित्र!

**पाकिस्तान की विदेश नीति को अगर सीधे शब्दों में समझना हो तो यह साफ दिखता है कि वह एक साथ दो खेल खेलता है। सामने दोस्ती, पीछे साजिश यही उसकी पहचान बन चुकी है। हाल के घटनाक्रम ने इसे और उजागर कर दिया है। पिछले साल जून में जब पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष असीम मुनीर ने व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी तो इसके पीछे गहरी रणनीति छिपी थी। इस एक बैठक ने दिखा दिया था कि पाकिस्तान कैसे एक तरफ खुद को सहयोगी बताता है और दूसरी तरफ पर्दे के पीछे अपने मतलब का खेल खेलता रहता है।**



बताया जाता है कि इस मुलाकात में ईरान के मुद्दे पर लंबी बातचीत हुई थी। यह भी चर्चा में रहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए पाकिस्तान के ठिकानों के इस्तेमाल की संभावना टटोली। इससे भी गंभीर आरोप यह है कि पाकिस्तान ने ईरान के परमाणु ठिकानों से जुड़ी जानकारी अमेरिका को उपलब्ध कराई, जिसके आधार पर पिछले साल ही ईरान में अमेरिकी हमला हुआ था। यह न केवल विश्वासघात है बल्कि मुस्लिम दुनिया में भी एक गहरी दरार का संकेत देता है।

देखा जाये तो पाकिस्तान और ईरान के संबंध कभी भी सहज नहीं रहे। एक ओर धार्मिक मतभेद हैं जहां सुन्नी और शिया का सवाल हमेशा तनाव का कारण बना रहा, वहीं दूसरी ओर रणनीतिक प्रतिस्पर्धा भी है। पाकिस्तान खुद को इस्लामी दुनिया की एकमात्र परमाणु शक्ति के रूप में देखता रहा है और वह नहीं चाहता कि कोई और मुस्लिम देश इस श्रेणी में आए। ऐसे में ईरान का परमाणु कार्यक्रम पाकिस्तान के लिए असहजता का कारण बनता है। यही वजह है कि पाकिस्तान खुले मंच पर भले ही तटस्थता की बात करे, लेकिन पर्दे के पीछे वह अलग खेल खेलता दिखता है।

यह दोहरापन सिर्फ ईरान के मामले तक सीमित नहीं है। पाकिस्तान एक ओर अमेरिका के साथ खुफिया सूचनाएं साझा करता है, वहीं दूसरी ओर खुद को शांति दूत के रूप में प्रस्तुत करता है। ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध में पाकिस्तान ने शांति वार्ता कराने की पहल का दिखावा किया, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह वास्तव में शांति की कोशिश थी या अपनी छवि सुधारने का प्रयास था? इस पूरे खेल में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। एक तरफ वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और सहयोग की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी सरकार की नीतियां और फैसले पाकिस्तान की दोहरी रणनीति को मजबूत करते हैं। यह एक तरह का सुनियोजित भ्रम है जिसमें दुनिया को एक चेहरा दिखाया जाता है और दूसरा चेहरा छिपा रहता है।

साथ ही अमेरिका और पाकिस्तान के संबंध भी इस संदर्भ में दिलचस्प हैं। डोनाल्ड ट्रंप भले ही अपने पिछले कार्यकाल में पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर कठघरे में खड़ा कर चुके हों, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में उनका रुख बदला हुआ नजर आता है। इसकी एक वजह यह भी है कि ट्रंप परिवार का पाकिस्तान में आर्थिक निवेश है। ऐसे में रणनीतिक हित और निजी हित एक दूसरे में घुलते नजर आते हैं। यही सबसे खतरनाक पहलू है कि अमेरिका पाकिस्तान के इस खुले दोहरे चरित्र को भलीभांति समझता है, फिर भी जानबूझकर उसे नजरअंदाज करता है। यह कोई मजबूरी नहीं बल्कि सोची समझी चाल है। हालिया संघर्षविराम का श्रेय पाकिस्तान को देना इसी खेल का हिस्सा है। अमेरिका जानता है कि पाकिस्तान एक तरफ आग को हवा देता है और दूसरी तरफ खुद को बुझाने वाला बताता है, फिर भी वह इस्लामाबाद को आगे करता है ताकि अपने रणनीतिक हित साध सके। दूसरी ओर पाकिस्तान इस मौके को ऐसे भुनाता है मानो वह दुनिया का सबसे बड़ा शांति दूत हो, जबकि हकीकत यह है कि वही पर्दे के पीछे हालात बिगाड़ने में भी शामिल रहता है। यह पूरी कहानी एक सुनियोजित नाटक की तरह है, जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान दोनों अपने अपने किरदार निभा रहे हैं और दुनिया को गुमराह किया जा रहा है।

यहां असल सवाल यह है कि क्या दुनिया इस दोहरे खेल को समझ रही है? पाकिस्तान लंबे समय से इसी रणनीति पर काम करता आया है। अफगानिस्तान के मामले में भी उसने एक तरफ अमेरिका का साथ दिया और दूसरी तरफ तालिबान को समर्थन दिया। अब वही नीति ईरान के संदर्भ में दिखाई दे रही है।

असीम मुनीर और शहबाज शरीफ की जोड़ी इस रणनीति को नए स्तर पर ले जाती दिख रही है। सेना और सरकार के बीच तालमेल के जरिए एक ऐसा तंत्र तैयार किया गया है जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भ्रम पैदा करने में सक्षम है। यह सिर्फ कूटनीति नहीं बल्कि एक सुनियोजित छवि प्रबंधन है।

दुनिया के लिए यह समझना जरूरी है कि पाकिस्तान की नीति सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके पीछे गहरी रणनीतिक सोच काम करती है। जब तक अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस दोहरे चरित्र को पहचान कर उसके अनुसार प्रतिक्रिया नहीं देगा, तब तक पाकिस्तान इसी तरह दो नावों पर सवार होकर अपने हित साधता रहेगा। यह कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान आज भी विश्वास और संदेह के बीच खड़ा देश है। उसके कदमों में स्थिरता नहीं बल्कि अवसरवादिता झलकती है।

बहरहाल, ईरान के खिलाफ युद्ध में संघर्षविराम के ऐलान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को दुनिया का सबसे बड़ा शांति दूत साबित करने में जुटे हैं। हालांकि नोबेल शांति पुरस्कार की चाहत रखने वाले ट्रंप का अपने दूसरे कार्यकाल में युद्ध भड़काना और फिर सभ्यता खत्म कर देने जैसी धमकियां देना उनके असली चरित्र को उजागर करता है। इसी कड़ी में पाकिस्तान भी पीछे नहीं है, जो इस संघर्ष में मध्यस्थता का श्रेय लेने की कोशिश कर रहा है। असीम मुनीर और शहबाज शरीफ के नेतृत्व में पाकिस्तान एक तरफ शांति की बात करता है, जबकि दूसरी ओर उसी पर दुनिया भर में अशांति और आतंकवाद फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। सच यह है कि यह पूरा घटनाक्रम शांति का नहीं बल्कि दोहरे चरित्र और अवसरवादी राजनीति का एक और उदाहरण बनकर सामने आया है, जिसे अब दुनिया साफ साफ समझने लगी है।

## आज का राशिफल

### मेष
जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें।

### वृष
मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा। विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है।

### मिथुन
नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे।

### कर्क
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी।

### सिंह
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

### कन्या
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा।

### तुला
खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व रोग से बचें।

### वृश्चिक
कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा।

### धनु
भाइयों से अनबन हो सकती है। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें।

### मकर
परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

### कुंभ
व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा।

### मीन
रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए।

## स्वास्थ्य समाचार

# बच्चों के मसूड़ों में आ गई है सूजन, तो अपनाएं यह घरेलू उपाय

मसूड़े यानी गम्स मुंह में मुलायम ऊतक यानी सॉफ्ट टिश्यूज होते हैं, जिनमें कभी-कभी सूजन आ जाती है। यह समस्या काफी असहज करनी वाली होती है, व्यस्क लोग तो मसूड़ों की सूजन को सह लेते हैं। लेकिन शिशुओं के लिए यह समस्या काफी दिक्कत भरी होती है। मसूड़ों में सूजन की दिक्कत शिशुओं को तब होती है, जब उनके दांत निकलते हैं। इस दौरान शिशु काफी परेशान होते हैं।



### मसूड़ों में सूज़न के अन्य कारण भी

शिशुओं के मसूड़ों में सूजन सिर्फ दांत निकलने के कारण ही नहीं होती है। इसके अलावा गिरने या चोट लगने पर भी उनके मसूड़ों में सूजन आ जाती है। इसके अलावा कुछ वायरस और मेडिसिन के कारण भी शिशुओं के मसूड़ों में सूजन देखी जाती है। इसलिए पहले यह जानना जरूरी है कि बच्चे के मसूड़ों में सूजन का असल कारण क्या है। इसके लिए आप डॉक्टर का परामर्श जरूर लें।

### आजमाइए कारगर उपाय

अगर दांत निकलने की वजह से शिशु को मसूड़ों में सूजन है तो कुछ उपायों के जरिए यह दिक्कत ठीक हो सकती है।

### ओरल हाइजीन पर ध्यान दें

शिशुओं या छोटे बच्चों की ओरल हाइजीन बहुत जरूरी है। बच्चों के दांतों और मुंह को अच्छे से साफ कीजिए या करवाइए। बच्चे के कम ही दांत क्यों ना हों, उसे टूथब्रश करने की आदत डलवाएं। इससे बच्चों के मसूड़ों में सूजन कम से कम होगी।

### ठंडी सिंकाई करें

अगर बच्चे के दांतों में सजून अधिक है तो ठंडी सिंकाई करें। इसके लिए साफ कपड़े को ठंडे पानी में भिगोएं और निचोड़कर, बच्चे के मसूड़ों पर लगाएं। इस ट्रीटमेंट से मसूड़ों की सूजन में बच्चे को काफी राहत मिलेगी।

### टिथिंग रिंग का यूज

मार्केट में बच्चों के लिए टिथिंग रिंग आती हैं, आप इन्हें भी आजमाएं। बच्चे अपने मसूड़ों और दांतों से टिथिंग रिंग को चबाते या दबाते हैं, जिससे मसूड़ों की सूजन में कमी देखी जाती है। बस एक बात का ध्यान रखें कि आप बच्चे को लिक्विड बेस्ड टिथिंग रिंग बिल्कुल ना दें।

### नमक वाले पानी का गरारा

अगर आप बच्चे को पानी पिलाने लगी हैं तो नमक वाले गुनगुने पानी का गरारा कराएं। इससे भी मसूड़ों की सूजन में काफी राहत मिलती है। बच्चा काफी रिलैक्स फील करता है।

# गुलाब जल में मिलाकर चेहरे पर लगाएं यह चीजें, दूर होंगे दाग-धब्बे और आएगा निखार



गुलाब जल का उपयोग त्वचा की खूबसूरती को निखारने के लिए सदियों से किया जाता रहा है। कई कॉस्मेटिक्स कंपनियां भी गुलाब जल से बने प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इसमें सबसे प्रचलित है, गुलाब जल। गुलाब जल का इस्तेमाल अधिकतर लोग करते हैं। कोई गुलाब जल को क्लींजर के रूप में इस्तेमाल करता है, तो कोई मेकअप रिमूवर या फिर टोनर के रूप में यूज करता है। इसके अलावा गुलाब जल से बने फेस पैक भी लगाए जाते हैं। दरअसल, गुलाब जल में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में अगर त्वचा पर गुलाब जल लगाया जाता है, तो इससे त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं में आराम मिलता है। गुलाब जल चेहरे के दाग-धब्बों, कील-मुहांसों को मिटाने में असरदार हो सकता है। इतना ही नहीं गुलाब जल से चेहरे की चमक भी बढ़ती है और रंगत में सुधार होता है।

**गुलाब जल में एलोवेरा मिलाकर लगाएं :** आप अपने चेहरे पर गुलाब जल में एलोवेरा मिलाकर लगा सकते हैं। इसके लिए आप गुलाब जल लें। इसमें एलोवेरा जेल डालें, अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। एलोवेरा स्किन को मॉइश्चराइज करता है, साथ ही स्किन में चमक भी लाता है। आपको बता दें कि एलोवेरा में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो कील-मुहांसों, दाग-धब्बों को मिटाने में मदद कर सकता है। गुलाब जल में एलोवेरा लगाने से चेहरे की चमक भी बढ़ती है।

**गुलाब जल में कोकोनट मिल्क मिलाकर लगाएं :** चेहरे की चमक और रंगत में सुधार करने के लिए आप गुलाब जल में कोकोनट मिल्क मिलाकर भी लगा सकते हैं। इसके लिए आप 2 चम्मच गुलाब जल लें। इसमें 2 चम्मच कोकोनट मिल्क डालें और फिर इसे अपने चेहरे पर लगाएं। कोकोनट मिल्क में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जिससे चेहरे की स्किन मुलायम और चमकदार बनती है। साथ ही इसमें मौजूद विटामिन ई त्वचा को यूवी डैमेज से बचाने में मदद करता है। गुलाब जल और कोकोनट मिल्क त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। नारियल के दूध से बेदाग त्वचा मिलेगी।

**गुलाब जल में चंदन पाउडर मिलाकर लगाएं :** चेहरे के दाग-धब्बों, मुहांसों को मिटाने के लिए आप गुलाब जल में चंदन पाउडर मिक्स करके भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप 1 चम्मच चंदन पाउडर लें। इसमें 2 चम्मच गुलाब जल डालें, अब दोनों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें। चंदन पाउडर में कूलिंग इफेक्ट होते हैं, जो चेहरे की जलन और रेडनेस को कम करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही गुलाब जल और चंदन पाउडर फोड़े-फुंसियों, खुजली की समस्या से भी राहत दिला सकता है।

**गुलाब जल में ग्लिसरीन मिलाकर लगाएं :** गुलाब जल में ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाने से कई लाभ मिल सकते हैं। 2 चम्मच गुलाब जल में 3-4 बूंद ग्लिसरीन की मिलाएं। अब इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करें। 20 मिनट बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। सप्ताह में 2-3 बार गुलाब जल और ग्लिसरीन को लगाने से चेहरे की चमक और रंगत बढ़ेगी। साथ ही दाग-धब्बे, कील-मुहांसों से भी छुटकारा मिलेगा। लेकिन कई लोगों को ग्लिसरीन से एलर्जी हो सकती है।

# रातभर ईयरबड्स लगाकर सोने से होते हैं यह नुकसान, रहें सावधान

चाहे युवा हो, बच्चे हों या वयस्क। आजकल हर कोई सोते समय अपने हाथ में मोबाइल फोन रखता है। कुछ वीडियो या ओटीटी में रिलीज हुई कुछ फिल्में देखते हुए सो जाते हैं। अगर आप ऐसा कभी-कभार करते हैं, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन, जैसा कि शुरू में ही बताया गया है कि ज्यादातर लोग इसी तरह सोते हैं, इस कारण न सिर्फ स्लीपिंग पैटर्न प्रभावित हो रहा है, बल्कि कान से जुड़ी कई परेशानियां भी देखने को मिल रही हैं। खासकर, जो लोग कान में ईयरबड्स लगाकर गाने सुनते या फिल्में देखते हैं, उन्हें ज्यादा गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**सुनने की क्षमता खो देना :** अगर कोई व्यक्ति पूरी रात कानों में ईयरबड्स लगाकर गाने सुनता है और उसकी वॉल्यूम बहुत तेज है, तो इससे सुनने की क्षमता पर बहुत बुरा असर पड़ता है। विशेषकर, जब कोई रोजाना ऐसा करता है, तो एक समय बाद कानों में दर्द की समस्या शुरू हो सकती है जो धीरे-धीरे पूरी तरह सुनने की क्षमता को खत्म कर सकती है।

**कानों में बीप की आवाज आना :** ज्यादातर लोग गैजेट्स का घंटों इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, उससे होने वाले नुकसानों के बारे में नहीं जानते हैं। ईयरबड्स या ईयरफोन के साथ ऐसा ही है। ज्यादातर लोग घर बाहर निकलते हुए, सफर के दौरान ईयरबड्स के जरिए गाने सुनना या फिल्में देखना पसंद करते हैं। यह प्रक्रिया रोजाना दोहराई जाती है। कानों में ईयरबड्स होने के कारण, कानों में ब्लड फ्लो प्रभावित होता है और कानों में एक किस्म का स्ट्रेस पैदा हो जाता है। अगर बीच-बीच में कानों को ईयरबड्स से गैप नहीं दिया गया, तो एक समय के बाद कानों में लंबी बीप की आवाज सुनाई दे सकती है। आपको बता दें, इस स्थिति टिनिटस कहा जाता है, जिसका कोई स्थाई इलाज नहीं है।

**कानों में वैक्स का जमना :** कानों में वैक्स बनना एक प्राकृतिक प्रकिया है। कानों में मौजूद वैक्स, कानों को बाहरी गंदगी, कीड़े-मकोड़े से बचाने के काम आते हैं। यहां तक कि वैक्स की मदद से कान के अंदर नमी भी नहीं बनती, जिससे ईयरड्रम सुरक्षित रहते हैं। वहीं, अगर कोई व्यक्ति लंबे समय तक ईयरबड्स पहनता है, तो इससे कानों की वैक्स अंदर की ओर खिसक सकती है, जो कि कान के लिए सही नहीं है। इस वजह से कानों में घंटियों की आवाज सुनाई दे सकती है, खुजली और सूखेपन की समस्या भी हो सकती है।

**कानों में बैक्टीरिया ग्रो कर सकते हैं :** आमतौर पर, जो लोग रेगुलर स्विमिंग करते हैं, उनके कानों में बैक्टीरिया बनने की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। क्योंकि स्विमिंग के दौरान उनके कानों में पानी चला जाता है और समय पर कानों में मौजूद नमी को साफ न किया जाए और वहां हवा की आवाजाही बंद हो जाए, तो नमी के कारण बैक्टीरिया जन्म ले सकते हैं। इस तरह की स्थिति को स्वीमर्स ईयर के नाम से जाना जाता है। वहीं, अगर कोई व्यक्ति स्विमिंग के बाद कानों को साफ किए बिना ही ईयरबड्स पहन लेता है और लंबे समय तक उसे नहीं उतारता तब भी बैक्टीरिया के जन्म लेने का रिस्क बढ़ जाता है। ऐसे में उसके कानों में दर्द, संक्रमण और कान का लाल होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 50 हजार का जुर्माना

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विशिष्ठ न्यायाधीश (पोक्सो) झुंझुनूं इसरार खोखर द्वारा बुधवार को दिये एक निर्णय में एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी कृष्ण कुमार पुत्र नत्थूराम उर्फ नत्थूलाल मेघवाल निवासी नंगली सलेदी सिंह पुलिस थाना खेतड़ी नगर को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर उसे 3 माह का अतिरिक्त कारावास और भुगतना होगा जबकि इस मामले में तीन अन्य आरोपी सुनील पुत्र नत्थूराम उर्फ नत्थूलाल निवासी नंगली सलेदी सिंह, रणवीर उर्फ टिल्लू पुत्र ईश्वर मेघवाल निवासी नंगली सलेदी सिंह तथा सुंदरलाल पुत्र शिवलाल मेघवाल निवासी निम्बास थाना बुहाना को पूर्व में दिनांक 18 दिसम्बर 2025 को इसी न्यायालय द्वारा संदेह का लाभ देकर बरी किया जा चुका है। मामले के अनुसार 9 अगस्त 2023 को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 20 अप्रैल 2023 की दोपहर वह अपने घर से बाजार के लिये गयी थी तो रास्ते में आरोपी कृष्ण कुमार ने उसे मोटरसाईकिल पर छोड़ने का कहकर अपने खेत में स्थित छप्पर में ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया और कहा कि किसी को बताया तो तुझे बदनाम कर दूंगा और जान से मार दूंगा। इसके बाद 2 अगस्त 2023 की रात्री करीब साढ़े 11 बजे जब वह शौच के लिये घर से बाहर आयी तो कृष्ण कुमार ने उसका मुंह दबाकर पास में खड़ी पीकअप गाड़ी में उठाकर ले गया एवं गांव के बाहर बाजरे के खेत में उसके साथ दुष्कर्म किया जहां टिल्लू, उसका भाई सुनील कुमार भी था जिन्होंने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया व तीनों उसे गाड़ी में डालकर मदहोश हालत में सुंदरलाल के घर गांव निम्बास ले गये, उन्होंने वहां उसे जबरदस्ती रखा व मारपीट की आदि। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बाद जांच कृष्ण कुमार, रणवीर उर्फ टिल्लू, सुनील व सुंदरलाल के विरूद्ध सम्बन्धित न्यायालय में दुष्कर्म आदि का चालान पेश कर दिया। राज्य सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे विशिष्ठ लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने 16 गवाहान के बयान करवाये व 55 दस्तावेज प्रदर्शित करवाते हुये न्यायालय में तर्क दिया कि मामला गंभीर प्रकृति का है, इसलिये आरोपी कृष्ण को सख्त से सख्त सजा दी जाये। न्यायाधीश ने पत्रावली पर आई साक्ष्य का बारिकी से विश्लेषण करते हुये आरोपी कृष्ण कुमार को उक्त सजा के साथ-साथ अन्य विभिन्न धाराओ में और सजा व जुर्माना देते हुये सभी सजाये साथ-साथ भुगतने का आदेश दिया तथा आरोपी कृष्ण कुमार पर कुल 1 लाख 45 हजार रूपये का अर्थदण्ड किया।

# कार ने बाइक सवार पत्रकार को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय नगर थाना इलाके में मंगलवार की देर रात को एक कार ने आगे चल रहे बाइक सवार एक पत्रकार देवेन्द्र शर्मा को टक्कर मार दी। इस हादसे में पत्रकार देवेन्द्र शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गई। इस संबंध में मृतक पत्रकार के भाई दिनेश शर्मा की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। इस मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना पूर्व पुलिस की ओर से की जा रही है। जांच अधिकारी हेड सड़क दुर्घटना थाना पूर्व कांस्टेबल सरदारमल ने बताया कि हादसा मंगलवार रात को ओटीएस और आरआईसी के बीच में एमएनआईटी की दीवार के पास हुआ था। जहां कार सवार ने आग चले रहे बाइक सवार पत्रकार देवेन्द्र शर्मा निवासी बसवा जिला दौसा हाल महारानी फार्म दुर्गापुरा जयपुर को टक्कर मार दी। इस हादसे में देवेन्द्र शर्मा उछल कर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल देवेन्द्र शर्मा को सवाई मानसिंह अस्पताल भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने बिना किसी देरी के उनका इलाज करना शुरू कर दिया लेकिन बुधवार सुबह उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल की ओर से मिली सूचना पर सड़क दुर्घटना थाना पूर्व पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया। वहीं मृतक पत्रकार के भाई दिनेश शर्मा की ओर से कार सवार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। कांस्टेबल सरदारमल ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार को डिटेन कर लिया गया है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार पत्रकार देवेन्द्र शर्मा मंगलवार रात को कार्यालय से अपने घर की तरफ बाइक से जा रहे थे। पत्रकार देवेन्द्र शर्मा कई मीडिया संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके थे। अभी हाल में किसी बड़े मीडिया संस्थान में कार्यरत थे।

# 13 अप्रैल को मनाई जाएगी वरुथिनी एकादशी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वैशाख मास के कृष्ण पक्ष में आने वाली वरुथिनी एकादशी 13 अप्रैल को विशेष धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व के साथ मनाई जाएगी। इस दिन दुर्लभ राज पंचक का संयोग बन रहा है, जो इसे आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ भौतिक और आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत फलदायी बना रहा है। सामान्यत: पंचक को वर्जित माना जाता है, किंतु सोमवार से आरंभ होने वाला राज पंचक शुभ कार्यों के लिए अनुकूल माना गया है। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा के अनुसार इस विशेष योग में किए गए कार्यों में सफलता की संभावनाएं प्रबल रहती हैं। वरुथिनी एकादशी तिथि 13 अप्रैल को रात्रि 1:17 बजे प्रारंभ होकर 14 अप्रैल को रात्रि 1:08 बजे समाप्त होगी। ऐसे में व्रत 13 अप्रैल को रखा जाएगा, जबकि पारण 14 अप्रैल को द्वादशी तिथि पर किया जाएगा।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह दिन भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। श्रद्धालुओं को इस दिन पीले वस्त्र अर्पित कर, चंदन या हल्दी का तिलक लगाकर विधिपूर्वक पूजा करनी चाहिए। पूजन में पीले पुष्प, केला, चने की दाल, गुड़, पंजीरी तथा तुलसी दल अर्पित करना शुभ माना गया है। बिना तुलसी के पूजन अधूरा माना जाता है। अंत में विष्णु चालीसा और आरती के साथ पूजा संपन्न की जाती है। ज्योतिष विशेषज्ञों का कहना है कि यह दिन लंबे समय से लंबित सरकारी कार्य को गति देने, भूमि-भवन अथवा अन्य अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय, नए व्यापारिक अनुबंधों तथा बड़े निवेश के लिए विशेष रूप से अनुकूल है। ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि धार्मिक ग्रंथों में एकादशी को केवल व्रत का दिन नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक बताया गया है। श्रद्धा और नियमपूर्वक व्रत एवं पूजा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है तथा मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

# पूर्व सभापति सोमनाथ त्रिहन की स्मारिका का हुआ विमोचन

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** पूर्व सभापति स्व. सोमनाथ त्रिहन के जीवन पर आधारित स्मारिका का विधिवत विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जयपुर निवास पर किया गया। यह कार्यक्रम त्रिहन परिवार की उपस्थिति में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की टीम के साथ अत्यंत गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। इस अवसर पूर्व मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन करते हुए स्व. सोमनाथ त्रिहन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्व. त्रिहन एक सादगीपूर्ण, मिलनसार एवं जनसेवा के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि थे। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक साधारण परिवार से निकलकर स्व. त्रिहन ने सीकर शहर के सभापति पद तक का सफर तय किया और अपने सफल कार्यकाल के दौरान शहर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्व. त्रिहन के साथ बिताए अपने पुराने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल जनसेवा, पारदर्शिता और विकास के लिए सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व. त्रिहन के विचारों, सादगी और जनसेवा की भावना को अपने जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने त्रिहन परिवार की एकजुटता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता की भी सराहना की। पूर्व कैबिनेट मंत्री व सीकर विधायक राजेंद्र पारीक ने बताया कि किस तरह सोमनाथ त्रिहन के पिताश्री राजकीय चिकित्सक के रूप में 1917 में महामारी के समय सीकर आकर आमजन की जान बचाई थी। इसी सेवा कार्य के चलते मात्र एक परिवार पंजाबी समाज होते हुए सभी से प्यार और स्नेह के बदौलत सीकर के सभापति बने। कार्यक्रम में सुपुत्र सुरेन्द्र त्रिहन, शकुंतला, वैभव त्रिहन, कनिका, करीना कपूर, कृष्णा, मोहित, पंकज, जगदीश सपरा, कमल त्रिहन, रिना त्रिहन, अंश त्रिहन, डा सतीश अरोड़ा, पुत्रवधू एवं पौत्र-पौत्रियां भी उपस्थित रहे। साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता गिठाला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीएस जाट, कैप्टन अरविंद, फूल सिंह ओला, शिव भगवान नागा, बुनियाद अली कुरैशी, पूर्व पार्षद सुनील शर्मा, वसीम खान, दिनेश झीगर, श्रीनिवास सैनी, विजेन्द्र सैनी, संदीप तंवर, मोहित, मोईन खान, यूनुस खान कासली, श्रीप्रकाश, सोनू नायक सहित जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, सम्मान एवं स्मृतियों से ओतप्रोत रहा। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. सोमनाथ त्रिहन के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।

# पूर्व प्रतिपक्ष राठौड़ के जन्मदिन पर शौर्य सभा में पहुँचने का दिया न्योता



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** 22 अप्रैल को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिवस व पदम भूषण वीर सेनानायक परम विशिष्ट सेवा मेडल लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह के मूर्ति अनावरण समारोह को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को तारानगर विधानसभा के गांव ढाणी बाबरियान, गुदडवास, गोगटिया चारणान, महात्मा, जिग्साना टिब्बा, अलायला, ढाणी छतूसिंह, रामपुरा, ढाणी पूनिया, चिमनपुरा, अमरपुरा, मुँदी बड़ी, बास मूँदी, मूँदी ताल, भामासी, डोकवा, जयपुरिया खालसा, कालीडी, देवीपुरा, मिठडी बलवंतसिंह, झाझड़िया की ढाणी, जयपुरिया पट्टा में भाजपा द्वारा जनसंपर्क कर अधिकाधिक संख्या में 22 अप्रैल को चूरू शौर्य दिवस में पहुँचने का आह्वान किया गया। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का जन्मदिन मनाने के लिए क्षेत्रवासियों में अपार उत्साह है, ग्रामवासी बढ़-चढ़कर शौर्य दिवस में पहुचने के लिए तैयार है। भारतीय सेना जनरल लेफ्टिनेंट सगतसिंह की प्रतिमा के लोकार्पण अवसर पर आप सभी को पहुँचना है जिसके लिए वाहन उपलब्ध करा दिए जाएँगे। ग्रामवासियों ने अधिकाधिक संख्या में कृषि उपज मंडी चूरू में 22 अप्रैल को पहुँचने का वादा किया। जांगिड़ ने पचभद्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित कार्यक्रम होने की वजह से परिवर्तनीय कार्यक्रम 22 अप्रैल की जानकारी दी। जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी व भाजपा नेता पूनिया ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम स्थल पर समुचित व्यवस्थाओं की जानकारी दी तथा अधिकाधिक संख्या में चूरू पहुंचने की बात कही। इस मौके पर नरेश सहारण, अजीतसिंह राठौड़, लीलाधर प्रजापत, साबिर हुसैन, चिरंजीलाल भारद्वाज, सूर्यप्रकाश ढाका, हरिसिंह प्रजापत, मदन नायक, जोगेंद्र झाझड़िया, मदन गुरी, मेनपाल राहड़, मुकेश शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिले में भव्य स्तर पर मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर 11 से 14 अप्रैल तक सीकर जिले में चार दिवसीय विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन-दर्शन एवं भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रमों की पूर्व तैयारियों के संबंध में जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया विभिन्न विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रमों को सफल एवं व्यापक स्तर पर आयोजित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के साथ होगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय सहित समस्त उपखंड एवं ब्लॉक स्तर पर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। 12 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर के जीवन परिचय एवं संविधान जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संविधान को जानें विषय पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा, जो 14 अप्रैल तक संचालित रहेगी। 13 अप्रैल को जिले के छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 14 अप्रैल को समापन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सीकर मुख्यालय पर आयोजित होगा। इसके साथ ही समस्त ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें संविधान की प्रस्तावना का वाचन, संविधान शपथ एवं अन्य गतिविधियां आयोजित होंगी। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संविधान की महत्ता एवं डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धांतों से अवगत कराना है। कार्यक्रमों में शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा स्वायत्त शासन विभाग सहित विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

# परशुराम जन्मोत्सव के लिए गणेशजी को दिया प्रथम निमंत्रण

निंस

**जयपुर ( नवयत्न )।** सकल ब्राह्मण समाज की ओर से अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के संयोजन में 19 अप्रेल को विद्याधरनगर सेक्टर चार के परशुराम भवन में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को मोती डूंगरी गणेश जी को प्रथम निमंत्रण दिया गया। इस मौके पर भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। हिंदू धर्म सभा के जयपुर जिला अध्यक्ष पकंज शर्मा, राजेंद्र शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, राजेश कौशिक, अंकित शर्मा, मोनू शर्मा, नाथू बागड़ा, और सुनील दत्त शर्मा उपस्थित रहे।






# उत्कृष्ट सामाजिक सेवा पथ कार्यो के लिए मिला राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च शाखा सम्मान अवार्ड

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पांच तीर्थंकरों के जन्म कल्याणक का स्थान अयोध्या तीर्थ की ऋषभदेव भगवान जन्मस्थली पर आयोजित अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद के 50वे राष्ट्रीय स्वर्ण जयंती महोत्सव एवं अवार्ड समर्पण उत्सव 2026 में परम पूज्या राष्ट्र गौरव ज्ञानमती माताजी के मंगल पावन सानिध्य में जयपुर राजस्थान की प्रतापनगर शाखा को समस्त भारतवर्ष की 300 से अधिक शाखाओं में से आउटस्टैंडिंग कार्यो के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं प्रथम पुरस्कार स्वरूप प्रतापनगर शाखा को 51000 का इनाम भी मोमेंटो के साथ प्रदान किया गया, प्रतापनगर शाखा से यह सम्मान ग्रहण करने मुख्य रूप से शाखा के अध्यक्ष अनिल-अल्का पाटनी, संरक्षक राजकुमार-कनक सेठी, मुख्य समन्वयक प्रदीप-रानू काला, मीनाक्षी पाटनी, ज्ञानचंद-स्नेहलता जैन, कमलेश-अरुणा पाटनी, विजय-नलिनी कटारिया, विपिन-शिवानी कटारिया, राजेश-चेतना बाकलीवाल, महावीर-मंजू पाटनी, राकेश-अनिता जैन, संजय-नीलम जैन, अजित अशोक जैन, रामपाल जैन आदि शाखा के पदाधिकारी सदस्य मंच पर सम्मान ग्रहण करने उपस्थित रहे। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर युवा परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि युवा परिषद की शाखा के सभी पदाधिकारियों सदस्यों ने नाचते गाते हुए कार्यक्रम को भक्तिमयी बना दिया । जिससे कार्यक्रम का माहौल हर्ष उल्लास से महक उठा। पूज्य गुरुमां ज्ञानमती माताजी ने अपने उद्बोधन में उपस्थित देशभर की सभी शाखाओं के पदाधिकारियों को यूँही हरदम समाजपथ पर अग्रसर रहकर सामाजिक सरोकारों के कार्यो को बढ़चढ़कर करते रहने का संकल्प दिलाया एवम सभी को बेहतर कार्यो के लिए अवार्ड विजेता बनने पर मंगलमयी आशीर्वाद से स्वर्णिम शुशोभित किया। कार्यक्रम में प्रतापनगर शाखा के अध्यक्ष अनिल पाटनी ने आगामी वर्ष में किये जाने धार्मिक सरोकारों सामाजिक सेवापथ सम्बंधित कार्यक्रमो के बारे में अपने विचार मंच के माध्यम से धरा पटल पर रखे एवम समस्त जन का आउटस्टैंडिंग अवार्ड हेतु चुनने पर सभी का हृदयपथ से धन्य धन्य आभार व्यक्त किया।

# ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के राजस्थान खिलाड़ियों का चयन 15 अप्रैल से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग सीजन-1 नॉर्थ जोन के लिए राजस्थान के खिलाड़ियों के लिए 15 अप्रैल 2026 से चयन शुरू होगा। ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के चेयरमैन सोमनाथ गाबा, आयोजक रवि कुमार गाबा एवं हरिपुर यमुना नगर के विनय कंबोज ने बताया कि इस लीग का आयोजन 16 जून से 21 जून के बीच समाना बाहु कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। जिसमें राजस्थान सहित हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजकों का उद्देश्य इस लीग को नॉर्थ जोन की एक प्रमुख टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में स्थापित करना है। लीग के पोस्टर और जर्सी का अनावरण करने के बाद आकाश चोपड़ा ने खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए तथा लीग के शुभारंभ की घोषणा की। उनकी उपस्थिति से इस कार्यक्रम का उत्साह और भी बढ़ गया और युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिली। आयोजकों का कहना है कि इस लीग के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मंच मिलेगा तथा खेल के प्रति युवाओं में उत्साह को भी बढ़ावा मिलेगा। ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के माध्यम से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। चीफगेस्ट आकाश चोपड़ा ने कहा कि किसी खिलाड़ी मे अगर हुनर है तो उसे एक मंच मिलेगा।

# गायत्री परिवार चलाएगा नारी जागरण अभियान

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी समारोह के पहले चरण के बाद अब संगठन क्रियान्वयन के चरण में प्रवेश कर चुका है। प्रदेशभर में अनुयाज कार्यक्रम, नारी जागरण अभियान, युवा सम्मेलन एवं शिक्षक सम्मेलन के माध्यम से आगामी कार्ययोजना को धरातल पर उतारने की दिशा में व्यापक गतिविधियां प्रारंभ की जा रही हैं। गायत्री परिवार प्रमुख शैलबाला पण्ड्या ने राजस्थान के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि शताब्दी समारोह के दौरान प्राप्त केन्द्रीय मार्गदर्शन को मूर्तरूप देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस ऐतिहासिक आयोजन ने जनमानस पर गहरी छाप छोड़ी है, जिसे स्थायी प्रभाव में परिवर्तित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं की कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी ने पूज्यवर के प्रज्ञापुत्र बनकर जो कार्य किया है, वह युग निर्माण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। अब प्रदेशभर में चरणबद्ध रूप से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अनुयाज कार्यक्रम, नारी जागरण अभियान, युवा सम्मेलन तथा शिक्षक सम्मेलन प्रमुख रहेंगे। इन आयोजनों के माध्यम से समाज के विविध वर्गों को जोड़ते हुए विचार क्रांति अभियान को गति प्रदान की जाएगी। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि केन्द्रीय प्रतिनिधि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सभी जिला एवं उपजोन स्तर पर शीघ्र शताब्दी संकल्प समीक्षा कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इनमें अब तक हुए कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ अनुयाज कार्यक्रमों के क्रियात्मक पक्षों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इनसे प्राप्त सुझावों के आधार पर राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का निर्धारण किया जाएगा। शांतिकुंज हरिद्वार में गायत्री परिवार राजस्थान जोन के समन्वयक गौरीशंकर सैनी ने बताया कि यह समय केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि संकल्पों को साकार करने का है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बने। इसी क्रम में झोटवाड़ा में आयोजित कार्यकर्ता गोष्ठी में संगठन विस्तार एवं जनजागरण गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। गोष्ठी में जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील कुमार शर्मा, गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणिशंकर पाटीदार, प्रहलाद शर्मा एवं राजेश शर्मा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। गोष्ठी के दौरान झोटवाड़ा में नव चेतना केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके पंजीकरण के लिए प्रस्ताव जोनल कार्यालय एवं शांतिकुंज प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि चेतना केन्द्र का संचालन वासुदेवपुरी से किया जाएगा। आगामी एक माह में आसपास की कॉलोनियों में 10 मंडलों का गठन किया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक फॉर्म वितरित कर दिए गए हैं। केन्द्र के समन्वय के लिए 11 सदस्यीय समिति के गठन का निर्णय लिया गया। संचालन व्यवस्था के लिए 4 सदस्यीय समिति बनाई गई है, जिसमें योगिता शर्मा, नीतू शर्मा, कामिनी शर्मा एवं विजय लक्ष्मी शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक गुरुवार को साप्ताहिक गोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें केन्द्र की गतिविधियों का संचालन एवं समीक्षा की जाएगी। साथ ही सभी सदस्यों से अंशदान एवं समयदान के फॉर्म भरवाकर उनका सुव्यवस्थित अभिलेखन एवं नियोजन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आसपास के क्षेत्रों में पंच कुंडीय यज्ञों की श्रृंखला प्रारंभ की जाएगी । शताब्दी अनुयाज के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर नारी जागरण सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे।

# इस साल मानसून में 6% कम बारिश का अनुमान

## स्काईमेट ने कहा- एमपी, राजस्थान और पंजाब-हरियाणा में सामान्य से कम बारिश हो सकती है



नई दिल्ली।

इस साल मानसून की बारिश सामान्य से कम रह सकती है। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट वेदर ने इस साल के मानसून का पूर्वानुमान जारी किया है। इसके अनुसार, बारिश सामान्य से 6% कम रह सकती है।

जून से सितंबर तक मानसून के 4 महीनों में देश में बारिश का सामान्य औसत 868.6 मिलीमीटर है। सामान्य से कम मानसून का मतलब है कि बारिश 90% से 95% के बीच रहेगी। एजेंसी ने 94% बारिश का अनुमान दिया है। जून में सामान्य बारिश होगी, लेकिन जुलाई से गिरावट शुरू होकर अगस्त और सितंबर में मानसून कमजोर पड़ेगा। खासकर अगस्त-सितंबर में बारिश की कमी ज्यादा रहने के संकेत हैं। मध्य और पश्चिम भारत के मुख्य क्षेत्रों में बारिश कम रहने के आसार हैं। अगस्त-सितंबर में मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में सामान्य से कम बारिश की आशंका है।

### जुलाई से बारिश में कमी होने का अनुमान

- एलपीए के मुकाबले जून में 101% बारिश संभव। इस माह का एलपीए 165.3 एमएम है।
- सितंबर में एलपीए के मुकाबले 89% बारिश का पूर्वानुमान। एलपीए 167.9 एमएम है।
- एलपीए के मुकाबले 95% बारिश जुलाई में होगी। इस माह एलपीए 280.5 एमएम है।
- एलपीए के मुकाबले अगस्त में 92% बारिश संभव। इस माह का एलपीए 254.9 एमएम है।

### क्या होता है लॉन्ग पीरियड एवरेज यानी एलपीए

इसका मतलब है कि मौसम विभाग ने 1971-2020 की अवधि के आधार पर दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज को 87 सेमी (870 मिमी) निर्धारित किया है। अगर किसी साल की बारिश 87 सेमी से ज्यादा होती है, तो उसे सामान्य से अधिक माना जाता है। अगर कम हो तो कमजोर मानसून माना जाता है।

# छात्रों को दो बार मिलेगा बोर्ड परीक्षा देने का मौका

### शिक्षा मंत्री दिलावर बोले- गलत ढंग से सरकारी नौकरी पाने वाले के लिए हमारे यहां दया का भाव नहीं



**जयपुर।** राजस्थान में शिक्षा व्यवस्था को अधिक छात्र-केंद्रित बनाने की दिशा में बड़े बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि अब बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों को दो बार मौका देने की व्यवस्था लागू की जा रही है, साथ ही विद्यार्थियों के नामों को अधिक सम्मानजनक बनाने पर भी काम हो रहा है। सरकार का मानना है कि ये कदम छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ शिक्षा प्रणाली को अधिक संवेदनशील बनाएंगे, वहीं पेपर लीक और फर्जी तरीके से नौकरी पाने वालों पर सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। दिलावर ने गलत तरीके से सरकारी नौकरी पाने वालों को लेकर कहा कि स्कूल इस पूरे मामले की जांच कर रही है। हम किसी को छोड़ेंगे नहीं, हमारे यहां दया का भाव नहीं है। हम तो सौभाग्य से ऐसी जाति में पैदा हुए हैं, जहां दया का भाव होता ही नहीं है। बुधवार को जयपुर शिक्षा संकुल में मीडिया से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री दिलावर ने बताया कि राजस्थान में इस बार बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों ने सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल दी है। पहली बार ऐसा देखने को मिला है कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में बड़ी संख्या सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि भले ही शिक्षा विभाग मेरिट सूची जारी नहीं करता, लेकिन आंकड़ों के विश्लेषण में सरकारी स्कूलों के छात्रों का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है।

### दिव्यांग छात्र ने पूरे नंबर हासिल कर की मिसाल कायम

उन्होंने बताया कि इस साल कक्षा 12वीं में करीब 12 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से लगभग 11,500 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए। वहीं कक्षा 10वीं में एक दिव्यांग छात्र ने दोनों हाथ नहीं होने के बावजूद 600 में से 600 अंक प्राप्त कर मिसाल कायम की है। दिलावर ने बताया कि अब इन होनहार छात्रों को जिला और ब्लॉक स्तर पर होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।



# मुख्यमंत्री ने राम जल सेतु लिंक परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन चंबल एक्वाडक्ट का किया निरीक्षण

## परियोजना के कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में हो पूर्ण- मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बूंदी जिले की इंद्रगढ़ तहसील स्थित गुहाटा गांव पहुंचकर राम जल सेतु लिंक परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन चंबल एक्वाडक्ट के कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि राम जल सेतु लिंक परियोजना राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना के माध्यम से पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों में पेयजल एवं सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा तथा प्रदेश की लगभग 40 फीसदी आबादी इससे लाभांवित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो। श्री शर्मा ने कहा कि चम्बल एक्वाडक्ट राम जल सेतु लिंक परियोजना का एक महत्वपूर्ण घटक है, ऐसे में अधिकारी निर्माणाधीन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

उन्होंने परियोजना की प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति की पूरी जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि चम्बल एक्वाडक्ट कोटा के पीपल्दा समेल गांव तथा बूंदी के गुहाटा गांव के मध्य चम्बल नदी पर बनाया जा रहा है। इसकी लंबाई 2 हजार 280 मीटर है। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि एक्वाडक्ट का निर्माण 5060 पाइलों एवं 77 पाइल कैपों पर किया जाएगा। एक्वाडक्ट में औसतन 384 गोलाकार पीयरों का निर्माण होगा। साथ ही, इसके जरिए चम्बल नदी के ऊपर जल का प्रवाह किया जाकर चम्बल नदी को क्रॉस किया जाएगा जिससे आमजन के लिए आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने एक्वाडक्ट पीयर का पूजन किया। उन्होंने प्रोजेक्ट साइट पर राम जल सेतु लिंक परियोजना के निर्माण कार्यों को लेकर तैयार की गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इससे पहले श्री शर्मा ने पौधारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया।

# जो भक्त नहीं, वो धार्मिक परंपरा को चुनौती कैसे दे रहा

### सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र से सवाल- ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई क्यों हो

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि जो लोग भगवान अयप्पा के भक्त नहीं हैं, वे केरल के सबरीमाला मंदिर की परंपराओं को कैसे चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर 7 सवाल तय किए हैं। इनमें से एक सवाल यह है कि क्या कोई व्यक्ति, जो किसी धार्मिक संप्रदाय या समूह से संबंधित नहीं है, उस धार्मिक संप्रदाय या समूह की किसी प्रथा को जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दे सकता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि सबरीमाला मामले में याचिकाकर्ता कौन थे। मूल याचिकाकर्ता भक्त नहीं थे। किसी भी भक्त ने इस प्रथा को चुनौती देने के लिए अदालत का रुख नहीं किया। तो फिर ये रिट याचिकाकर्ता कौन हैं जो इसे चुनौती दे रहे हैं। मेहता ने जवाब दिया कि मूल याचिकाकर्ता 'इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन' नामक वकीलों का एक संगठन है।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, वे भक्त नहीं हैं। लेकिन हमें यह स्पष्ट करना होगा। क्या भगवान अयप्पा का कोई भी भक्त इस परंपरा को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर कर सकता है और यदि कोई गैर-भक्त, जिसका उस मंदिर से कोई संबंध नहीं है, इसे चुनौती देता है, तो क्या यह अदालत ऐसी याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

### दूसरे दिन की सुनवाई के 5 पॉइंट्स

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- कोई सेक्युलर अदालत किसी धार्मिक प्रथा को सिर्फ अंधविश्वास नहीं कह सकती, क्योंकि उसके पास ऐसा तय करने की विशेषज्ञता नहीं होती। उन्होंने कहा कि जो चीज नगालैंड के किसी समुदाय के लिए धार्मिक हो सकती है, वही मेरे लिए अंधविश्वास लग सकती है। हमारा समाज विविधतापूर्ण है, यहां अलग-अलग लोग, धर्म और मान्यताएं हैं। ऐसे में अदालत के लिए ऐसा फैसला खतरनाक हो सकता है।

जस्टिस अमानुल्लाह ने इस पर कहा, मिस्टर मेहता, आपने बात को बहुत आसान बना दिया है। अदालत के पास न्यायिक समीक्षा का अधिकार है कि वह यह तय कर सके कि अंधविश्वास क्या है। उसके बाद उस पर कानून बनाना या कार्रवाई करना विधानमंडल (संसद-विधानसभा) का काम हो सकता है, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि अंतिम फैसला सिर्फ विधायिका ही करेगी। धर्म के मामलों में तर्क उसी तरह लागू नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मामला महिलाओं के अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता के संतुलन से जुड़ा है। कोर्ट ने सती प्रथा, जादू-टोना और नरभझी के उदाहरण दिए और कहा कि अगर कोई प्रथा समाज को झकझोरती है, तो अदालत हस्तक्षेप कर सकती है।




# जेकेके का 33वाँ स्थापना दिवस समारोह : समारोह में बाल लोक कलाकारों ने दी मनोरम प्रस्तुतियां

जयपुर।

जवाहर कला केन्द्र के 33 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन बुधवार को गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत शिक्षा पा रहे प्रदेश के विभिन्न अंचलों के बाल लोक कलाकारों ने मनोरम प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को को मन्त्रमुग्ध कर दिया।

कला एवं संस्कृति विभाग की संयुक्त सचिव एवं जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक अनुराधा गोगीया ने बताया कि उक्त तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन बुधवार को रंगायन सभागार में पहली बार एक नवाचार के रूप बाल लोक कलाकारों द्वारा किये गाये कला प्रदर्शन किया को आगन्तुक दर्शकों ने सराहा।

शुभारम्भ समारोह में बाल लोक कलाकारों द्वारा पूरे उमंग उत्साह से दी गई प्रस्तुतियों को दर्शकों ने पूर्ण रूचि के साथ देखी। दर्शकों ने बाल कलाकारों का करतल ध्वनि से उत्साह वर्धन किया। बाल लोक कलाकारों ने डांडी गैर, शेखावाटी चंग, पारंपरिक मांगलिक गीत एवं पारंपरिक नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी।

लंगा समूह की प्रस्तुति में सादिक खान लंगा एवं उनके दल ने अपनी सुमधुर गायकी से वातावरण को सुरमयी बना दिया। उन्होंने गजानंद जी आवो से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की, जिसके पश्चात चैरा री माखी, चरखो, जीवडो तथा धोरा वालो देश जैसे लोकगीत प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को राजस्थान की मरु-संस्कृति से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया।

इसके उपरांत राजस्थान के पारंपरिक मांगलिक चरी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति हुई। सुश्री कृष्णा मालीकर एवं उनके समूह के बाल कलाकारों ने सिर पर जलती चरी (मटकी) रखकर अत्यंत संतुलन और सौंदर्य के साथ नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में शेखावाटी क्षेत्र का प्रसिद्ध चंग नृत्य प्रस्तुत किया गया। बनवारी एवं उनके समूह के बाल कलाकारों ने चंग और ढप की थाप पर बांसुरी की मधुर धुन के साथ उत्साहपूर्ण प्रस्तुति दी। इस नृत्य में ऊर्जा, तालमेल और लोक रंग की जीवंतता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। उद्घाटन दिवस की अंतिम प्रस्तुति बालोतरा के श्री दिनेश एवं उनके समूह द्वारा दी गई, जिसने कार्यक्रम को एक भव्य समापन प्रदान किया। ढोल-थाली की मधुर ध्वनि पर आधारित इस प्रस्तुति में प्रारंभ में घेरा, तत्पश्चात सठिया की सधी हुई लय और अंत में मनमोहक मारवाड़ी घूमर ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान बाल कलाकारों की प्रतिभा, उनकी ऊर्जा और लोक परंपराओं के प्रति उनकी समझ ने यह स्पष्ट किया कि युवा पीढ़ी के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को सशक्त रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

**आगामी कार्यक्रम-**

स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन, दिनांक 09 अप्रैल 2026 को मुजफ्फर रहमान एवं उनके समूह की विशेष प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। इस प्रस्तुति में कुल 14 कलाकारों की संगत के साथ गायन प्रमुख आकर्षण रहेगा, जो श्रोताओं को एक अनूठा संगीत अनुभव प्रदान करेगा।

जवाहर कला केन्द्र द्वारा आयोजित यह समारोह प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन महंगे नहीं होंगे

## आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी

नई दिल्ली।

नए वित्त वर्ष की पहली मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 8 अप्रैल को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी के फैसलों की जानकारी दी।

इससे पहले फरवरी में भी रेपो रेट में बदलाव नहीं हुआ था। आरबीआई ने आखिरी बार दिसंबर 2025 में ब्याज दर 0.25% घटाकर 5.25% की थी। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है तो बैंक इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं।

### 2025 में चार बार में 1.25% की कटौती

- **फरवरी 2025 में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था।**
- **मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी।**
- **दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25% घटाई गई।**
- **जून में तीसरी बार आरबीआई में दरों में 0.50% कटौती की थी।**
- **दिसंबर में 0.25% की कटौती के बाद ब्याज दरें 5.25% पर आ गई थी।**




### ब्याज दर में बदलाव नहीं करने की वजह

आरबीआई गवर्नर के मुताबिक, महंगाई में उछाल का खतरा अभी टला नहीं है। खराब मौसम और बेमौसम बारिश से फल, सब्जियों और अनाज की कीमतें बढ़ने की आशंका है। ईरान-इजरायल जंग से सप्लाई चैन पर असर पड़ रहा है।

आरबीआई अभी रुको और देखो की नीति अपना रहा है। ग्लोबल मार्केट में मची उथल-पुथल को देखते हुए आरबीआई जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहता। बैंक अभी दुनिया भर के आर्थिक हालातों पर नजर रखना चाहता है। इसी वजह से ब्याज दर में बदलाव नहीं किया गया।

### आरबीआई गवर्नर की बड़ी बातें

- भारत की मैक्रो-इकोनॉमिक स्थिति मजबूत है; ईरान युद्ध की वजह से हालात चुनौतीपूर्ण हैं।
- एनर्जी (तेल-गैस) की कीमतें बढ़ने से ग्लोबल ग्रोथ पर खतरा मंडरा रहा है।
- युद्ध की वजह से बढ़ी अनिश्चितता का असर इकोनॉमी के आउटलुक पर पड़ रहा है।

# 11 साल बाद जेल से बाहर आएगा रामपाल

### देशद्रोह केस में हाईकोर्ट से जमानत



**चंडीगढ़।** सतलोक आश्रम के प्रमुख रामपाल को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में रामपाल को जमानत दी है। इसके साथ ही करीब 11 साल 5 महीने बाद रामपाल का जेल से बाहर आने का रास्ता लगभग साफ हो गया। हाईकोर्ट हत्या के 2 मामलों में पहले ही जमानत दे चुका है और रामपाल अवमानना मामले में भी बरी कर चुका है। हिसार सेंट्रल जेल-2 के सुपरिंटेंडेंट उमेश कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के जमानत ऑर्डर संबंधित कोर्ट में जाएंगे। उसके बाद वहां बॉन्ड भरा जाएगा। इसके बाद ऑर्डर आएंगे। फिर रामपाल को जेल से रिलीज किया जाएगा। इस प्रक्रिया में अभी 3-4 दिन का समय लग सकता है। रामपाल को 19 नवंबर 2014 को हिसार जिले के बरवाला स्थित सतलोक आश्रम से गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट ने उसे कोर्ट की अवमानना के एक मामले में पेश होने का आदेश दिया था, लेकिन वह पेश नहीं हुआ। जब पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची, तो समर्थकों से झड़प हो गई।

## शीतला माता का रात्रि जागरण आज



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कंचनपुर के शीतला चौक में गुरुवार को शीतला माता का विशाल भंडारा और रात्रि जागरण आयोजित किया जाएगा। समिति के ओमप्रकाश कुमावत ने यह जानकारी दी। आज सुबह 10 बजे माता रानी की विशाल झांकी निकाली जाएगी। इसके लिए माता रानी के मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाएगा। रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें लोकेश जिंदौलिया राजपाल भाटी, सिमरन डांसर, पूजा सुरेरा और पूरन छैला एंड पार्टी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सुबह भक्त ठंडे पकवानों का भोग लगाएंगे। इससे पहले रांध्या पोया के दिन महिलाएं माता रानी के लिए विशेष पकवान तैयार करती हैं। सुबह परिवार की मंगल कामना के लिए सामूहिक रूप से गीत गाते हुए माता रानी को भोग अर्पित किया जाता है।

## पेट्रोल पंप पर हमले मामले में चार दिन बाद भी मेडिकल रिपोर्ट नहीं

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारायण विहार थाना क्षेत्र के वंदेमातरम रोड स्थित सांवरिया फिलिंग स्टेशन पर 4 अप्रैल को हुए हमले में पंप मालिक सोहनलाल चौधरी और दो कर्मचारियों को गंभीर चोटें आई, लेकिन चार दिन बाद भी मेडिकल रिपोर्ट नहीं आने से पुलिस कार्रवाई अटकी हुई है। हमले में सोहनलाल के सिर पर 7 और कर्मचारी माहिर के सिर पर 14 टांके आए, जबकि संतोष कुमार को हल्की चोटें आईं। आरोपियों ने मारपीट के दौरान 43 हजार रुपए भी छीन लिए। घटना के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई, लेकिन मेडिकल रिपोर्ट के अभाव में पुलिस ने सामान्य मारपीट व चोरी की धाराओं में केस दर्ज किया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद है। जानकारी के अनुसार, कार सवार युवकों ने प्लास्टिक बोतल में पेट्रोल भरने की मांग कीए जिसे नियमों के चलते मना करने पर विवाद हुआ और बदमाशों ने हमला कर दिया। मेडिकल जांच के लिए पीड़ितों को कई दिन तक विभिन्न डिस्पेंसरी और अस्पतालों के चक्कर काटने पड़े। डॉक्टरों की अनुपस्थिति, क्षेत्राधिकार विवाद और सर्वर डाउन जैसी वजहों से रिपोर्ट समय पर अपलोड नहीं हो सकी। थानाधिकारी गुंजन सोनी ने बताया कि एक आरोपी को राउंड कर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

## शिविरा पंचांग में विद्यालयों के अवकाशों में कटौती आदेश को वापस लेने की मांग



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) ने शिविरा पंचाग 206-27 में ग्रीष्मावकाश व संस्थाप्रधान द्वारा घोषित अवकाश में कटौती को लेकर प्रांतीय आह्वान पर कहना है कि राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों व भीषण गर्मी को देखते हुए जून माह में विद्यालय खोलना पूर्णतया अव्यवहारिक है। क्षेत्रीय व स्थानीय उत्सवों एवं आयोजनों में राजकीय अवकाश नहीं होने पर भी वहाँ के शत प्रतिशत बालकों की भागीदारी उसमें रहती है, इसी कारण से संस्था प्रधान द्वारा दो अवकाश घोषित किये जाने का प्रावधान रखा गया था, विभाग के अधिकारियों द्वारा इसमें कटौती करना समझ से परे हैं। इस ज्ञापन के माध्यम से उपरोक्त आदेश को वापस लेने की मांग की जाती है। गुढ़ागौड़जी तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन देने वाले पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मनेश कुल्हरी, कार्यकारी अध्यक्ष अमर सिंह महला, विनोद गोदारा, शिवकरण, निर्मल, बनवारी लाल, ममता खेदड़, मन्नी देवी, डॉ संदीप, अनिल रोजरिया, प्रकाश औलखा, हरिबक्स पूनिया आदि शिक्षक उपस्थित रहें।

## पचपदरा रिफाइनरी से बदलेगी पश्चिमी राजस्थान की तस्वीर : राठौड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अप्रैल 2026 को बालोतरा जिले के पचपदरा में रिफाइनरी परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इसे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए उन्होंने कहा कि यह परियोजना राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के साथ आर्थिक विकास को नई दिशा देगी। मदन राठौड़ ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में 2007-08 में रखी गई इस परियोजना की आधारशिला अब साकार रूप ले रही है। रिफाइनरी से करीब 90 हजार लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। साथ ही पाली, बालोतरा और जोधपुर के शोधन किए गए अपशिष्ट जल के उपयोग से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे पेयजल पर असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार का समझौता राज्य के हित में नहीं था। जिससे भारी वित्तीय भार पड़ता। भाजपा सरकार ने समझौते में संशोधन कर करीब 40 हजार करोड़ की बचत सुनिश्चित की और राज्य की हिस्सेदारी को अधिक लाभकारी बनाया। राठौड़ ने कहा कि वर्तमान में राज्य का वित्तीय योगदान सीमित कर परियोजना को व्यावहारिक और लाभकारी बनाया गया है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय मुद्दों पर विपक्ष से देशहित को प्राथमिकता देने की अपील भी की।



# एनजीटी के आदेश पर काटली नदी बहाव क्षेत्र में सीमांकन के साथ 2 माह में हटेंगे सभी अतिक्रमण

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेश पर अब काटली नदी बहाव क्षेत्र का दो माह की समय अवधि में सीमांकन कर सभी अतिक्रमणों को हटा कर जल निकायों की रक्षा की जाएगी। शेखावाटी की जल जीवन दायिनी काटली नदी के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु सरस्वती रूरल एन्ड अरबन डवलपमेंट झुंझुनू की ओर से काटली नदी बचाओ जन अभियान संयोजक सुभाष कश्यप के अनुसार एनजीटी (राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण) में यह निष्पादन आवेदन मूल आवेदन प्रकरण संख्या 59/2024 में दिनांक 12 अगस्त 2024 अमित कुमार कैलाश मीणा बनाम राज्य व अन्य के आदेश को लागू करने के लिए दायर किया गया था उक्त निष्पादन आवेदन में दिनांक 7 अप्रैल 2026 को न्यायाधिकरण ने आदेश पारित कर काटली नदी को पुनर्जीवित करने हेतु आदेश दिए हैं।

एनजीटी ने पिछले आदेश में जल संसाधन विभाग को जिला प्रशासन और राजस्व विभाग के सहयोग से नदी तल की पहचान करने, रिपोर्ट प्रकाशित करने और अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। पाकिस्तान व भारत के बीच आपरेशन सिंदूर के समय रद्द हुए सिंधु जल समझौते का शेष जल अब राजस्थान की काटली नदी सहित अन्य नदियों में लाने हेतु काटली नदी बचाओ जन अभियान संयोजक सुभाष कश्यप द्वारा नदी को पुनर्जीवित करने हेतु जन अभियान चलाया जा रहा है जिस पर राजस्थान सरकार ने कार्यवाही करते हुए नदी क्षेत्र का ड्रोन सर्वे भी करवाया है। एनजीटी, भारत सरकार, राजस्थान सरकार व जन मानस की मंशा अनुसार अब यह नदी पुनर्जीवित होने की ओर है

### मामले की पृष्ठभूमि

प्रकरण-यह निष्पादन आवेदन मूल आवेदन संख्या 59/2024 में दिए गए 12 अगस्त, 2024 के आदेश को लागू करने के लिए दायर किया गया था। मुख्य निर्देश- पिछले आदेश में जल संसाधन विभाग को जिला प्रशासन और राजस्व विभाग के सहयोग से नदी तल की पहचान करने, रिपोर्ट प्रकाशित करने और अतिक्रमणों को हटाने का निर्देश दिया गया था। अब एनजीटी न्यायधीश व न्यायायिक सदस्य सिओ कुमार सिंह एवं विशेषज्ञ सदस्य डॉ प्रशांत गर्ग ने पुनः महत्वपूर्ण आदेश पारित कर सीकर, झुंझुनू व चूरु की जल जीवन रेखा काटली नदी को बचाने का मार्ग प्रसस्त किया है ।

### विभिन्न तहसीलों में की गई कार्रवाई

राजस्थान राज्य सरकार और जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार ये कदम उठाए गए हैं।

तहसील उदयपुरवाटी- ग्राम बागोली और काटलीपुरा में पहचाने गए सभी 34 अतिक्रमणों को हटा दिया गया है । इसमें 13 दुकानें और 1 पक्का मकान शामिल था, जिन्हें 11 दिसंबर, 2025 को पुलिस सहायता से हटाया गया। तहसील झुंझुनू- ग्राम भड़ौंदा कलां के विभिन्न खसरा नंबरों से 12 दिसंबर, 2025 को तारबंदी और कच्चे-पक्के निर्माण हटाए गए । तहसील गुढ़ा गौड़जी- यहाँ कुल 108 अतिक्रमणों में से 95 को हटा दिया गया है। 81 मामलों में खड़ी फसलों की नीलामी करके बेदखली की गई। तहसील चिड़ावा- 20 अतिक्रमणों की पहचान की गई है और राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 91 के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। इनका भौतिक निष्कासन 27 फरवरी, 2026 के लिए निर्धारित किया गया था। तहसील हमीरवास बड़ा चूरू- 5 दिसंबर, 2025 को ग्राम बुढवास में तारबंदी और बाड़ जैसे अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। तहसील खेतड़ी- जाँच के दौरान इस तहसील में काटली नदी के बहाव क्षेत्र में कोई अवैध अतिक्रमण नहीं पाया गया। पुनर्वास और शेष चुनौतियाँ कालबेलिया, बंजारा समुदाय- गुढ़ा गौड़जी तहसील के ग्राम खटकड़ और भाटीवाड़ में 13 अतिक्रमण अभी शेष हैं, क्योंकि ये कालबेलिया और बंजारा समुदायों के रिहायशी मकान हैं। स्थगन- प्रशासन उनके लिए वैकल्पिक पुनर्वास की व्यवस्था कर रहा है, जिसके पूरा होते ही इन्हें हटा दिया जाएगा।



### अदालत का अंतिम निर्णय

समय सीमा- राज्य सरकार के वकील ने आश्वासन दिया कि शेष सभी अतिक्रमणों को दो महीने के भीतर हटा दिया जाएगा। निर्देश- ट्रिब्यूनल ने अधिकारियों को आदेश दिया कि वे नदी के बहाव क्षेत्र का सीमांकन करें, पहचान सुनिश्चित करें और दो महीने के भीतर जल निकायों की रक्षा करें। निस्तारण- इन निर्देशों के साथ निष्पादन आवेदन 03/2025 को निस्तारित कर दिया गया है।

## सफाई मित्रों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर परिषद सीकर द्वारा 8 अप्रैल 2026 बुधवार को वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा के निर्देशानुसार परिषद सभागार में सभी सफाई मित्रों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में अधिशाषी अभियंता नागरमल ने सफाई मित्रों को संबोधित करते हुए स्वच्छता कार्यों के दौरान सुरक्षा एवं सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई करते समय सभी कर्मचारी अनिवार्य रूप से मास्क एवं हाथों में ग्लव्स का उपयोग करें, जिससे उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके। इसके साथ ही उन्होंने सफाई मित्रों को आमजन को जागरूक करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वार्डवासियों को सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित करें तथा कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय निर्धारित स्थान पर ही डालने के लिए समझाएं। कार्यशाला में यह भी निर्देश दिए गए कि शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वच्छ एवं सुंदर सीकर के निर्माण में सहभागी बनाया जाए। नगर परिषद सीकर द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## अवैध मादक पदार्थ एमडी समेत तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने एमडी तस्करी करने के आरोप में शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए जब्त कर गिरफ्तार अभियुक्त से गिरोह में शामिल व खरीद-फरोख्त करने वालों के बारे में जानकारी जुटाने शुरु कर दिया है। एएसआई गोपाल लाल ने बताया कि गश्त के दौरान जगतपुरा इलाके में एक युवक प्लास्टिक की पारदर्शी पॉलीथीन में लेकर खड़ा हुआ था। चैकिंग करने पर पॉलीथीन में सफेद रंग का दानेदार एमडीएमए बरामद हुई। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए सहित आरोपी योगेंद्र सिंह आरकेनपुरम एसीतापुरा, सांगानेर निवासी को दबोच लिया। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अवैध मादक पदार्थ खरीद-फरोख्त करने वालों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

## सर्व समाज के युवा कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश मीणा के निवास स्थान पर सर्व समाज के युवा कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में सर्व सहमति से आने वाले नगर पालिका चुनाव में युवाओं को चुनाव मैदान में उतारने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही राजलदेसर नगर पालिका में 5 वर्ष के शासन में भारी भ्रष्टाचार को लेकर भी अलग-अलग उपस्थित युवाओं ने अवगत करवाया एवं कस्बे की विभिन्न समस्या चिकित्सालय में चिकित्सक नहीं होने, नगर पालिका में कर्मचारी नहीं होने, पुलिस थाना में सिपाही के रिक्त पद खाली चल रहे हैं, राजकीय विद्यालय में अध्यापकों के रिक्त पद खाली चल रहे हैं साथ ही कस्बे में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है आदि को लेकर चर्चा की गई साथ ही अगली बैठक में बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने की भी चर्चा की गई। इस अवसर पर युवाओं ने ओमप्रकाश मीणा का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।

इस मौके पर दीनदयाल खटीक, लालचंद, हंसराज, मनसुख, तुलछाराम, धनेश, ख्यालीराम आचार्य, प्रकाश, रुस्तम, कयूम, महावीर आचार्य, कैलाश, जयप्रकाश रैगर, गिरधारी मेघवाल, कैलाश खटीक, मदनलाल खटीक, दुर्गाराम, तुलछाराम सहित दर्जनों व्यक्ति उपस्थित रहे ।



## अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण

निसं

**साण्डवा ( नवयत्न )।** सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बस स्टैण्ड पारेवड़ा में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार अभ्यास पुस्तिका वितरण की जाती है। जिसको गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाउंडेशन द्वारा अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार के साथ सुप्रीम फाउंडेशन की तरफसे बीदासर कॉर्डिनेटर दीपक कौशिक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिकाएं मिलने पर उनके चेहरे पर उत्साह देखने को मिला। प्रधानाचार्य शिवनारायण दुसाद संस्था का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में सहायक सिद्ध होती हैं।

इस पुनीत कार्य के लिए सुप्रीम फाउंडेशन के ट्रस्टी बजरंगलाल तापड़िया व महावीर प्रसाद तापड़िया का समस्त विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया। साथ ही सुप्रीम फाउंडेशन के मुख्य समन्वयक श्याम बाबू, कॉर्डिनेटर दीपक कोशिश व योगेश कुमार सिंगोदिया का भी विद्यालय परिवार ने इस सहयोग और परमार्थ के लिए आभार जताया। साथ ही इस कार्यक्रम में विद्यालय स्वयंसेवक कैलाश कुमार, सहीराम केवटिया, मांगीलाल गर्ग व लालचंद सुथार तथा स्टाफ साथी लालचंद गोदारा, मदनलाल मीणा व प्यारेलाल कस्वां मौजूद रहे।

## बीच सत्र निजी स्कूल बंद होने पर विधायक शर्मा ने दी कार्रवाई की चेतावनी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के श्याम नगर में बुधवार को एक निजी विद्यालय के अचानक बंद होने की सूचना पर विधायक गोपाल शर्मा ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अभिभावक विद्यालय के बाहर एकत्रित रहे। विधायक गोपाल शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि बीच सत्र में किसी भी स्थिति में विद्यालय को बंद नहीं किया जाएगा और बच्चों की पढ़ाई इसी विद्यालय में निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी तकनीकी या प्रशासनिक कारण से स्कूल बंद करना समाधान नहीं है बल्कि इससे बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सिविल लाइंस विधायक ने आश्वस्त किया कि इस विषय में शिक्षा विभाग एवं सीबीएसई से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही उचित समाधान निकाला जाएगा। साथ ही बच्चों की पढ़ाई को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन की संयुक्त टीम भी गठित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और जिम्मेदारी से भाग रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ. तेज सिंह राजावत राष्ट्रीय अशोक सम्मान से सम्मानित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्योतिष विज्ञान, एडवांस वास्तु एवं वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जयपुर निवासी प्रख्यात ज्योतिषाचार्य एवं वास्तु विशेषज्ञ डॉ. तेज सिंह राजावत को श्राष्ट्रीय अशोक सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें नई दिल्ली के अशोका होटल में आयोजित एक भव्य मारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर यह सम्मान डॉ. अयात साद अहमद इस्माइल, हेड ऑफब्यूरो ऑफकल्चरल एंड एजुकेशनल रिलेशंस, एम्बेसी ऑफइजिप्ट ने डॉ. तेज सिंह राजावत को प्रदान किया गया। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए अनेक गणमान्य अतिथि, शिक्षाविद् और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति रही। डॉ. तेज सिंह राजावत पिछले कई वर्षों से ज्योतिष, कुंडली विश्लेषण, एडवांस वास्तु समाधान, मंत्र चिकित्सा तथा वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन से अनेक लोगों को मानसिक तनाव, स्वास्थ्य समस्याओं, पारिवारिक समस्याओं एवं जीवन की विभिन्न जटिल परिस्थितियों से राहत प्राप्त हुई है। डॉ. राजावत का मानना है कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, आयुर्वेद और ऊर्जा संतुलन के माध्यम से व्यक्ति के जीवन को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक बनाया जा सकता है। वे मंत्र चिकित्सा, चक्र हीलिंग तथा आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक उपचार पद्धतियों के माध्यम से लोगों को मानसिक एवं आध्यात्मिक शांति प्रदान करने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## शिक्षक संघ सियाराम ने प्रदर्शन कर सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन




निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम द्वारा प्रदेश व्यापी आंदोलन के द्वितीय चरण में बुधवार को सुजानगढ़ उपशाखा द्वारा उपखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन व नारेबाजी करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के प्रांतीय पदाधिकारी पूसाराम स्वामी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापकों द्वारा एक सत्र में दो स्थानीय अवकाश घोषित करने के अधिकार में कटौती की है तथा स्कूलों में ग्रीष्मावकाश में भी दस दिन की कटौती करके कम कर दिया गया है, जिसका शिक्षकों में भयंकर आक्रोश है। इस आदेश के विरोध स्वरूप राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ने प्रांतव्यापी चार चरणों में आंदोलन की अपील की है, जिसके तहत सात अप्रैल को पूरे प्रदेश में सभी शिक्षकों ने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया। इसी प्रकार बुधवार को उपखण्ड मुख्यालयों पर प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है और इस आदेश को वापस लिए जाने की मांग की गई है। अगर सरकार अपने फैसले को वापस नहीं लेती है तो आगामी बीस अप्रैल को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कर आक्रोश व्यक्त किया जायेगा तथा 18 मई को शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंज मंडी में विशाल रैली एवं प्रदर्शन करके आगामी आन्दोलन की रूपरेखा प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा बनाई जाएगी। उपशाखा अध्यक्ष बालचंद प्रजापत, मंत्री सुनील कुमार गुर्जर, महावीर प्रसाद प्रजापत, प्रधानाचार्य पप्पुराम मीना, प्रधानाचार्य रामस्वरूप जाट, परमानंद मिश्रा, श्याम सुन्दर पारीक, अजय सैनिक, मनोहर सिंह राठौड़, जिला महिला मंत्री भगवान कंवर, सुबोध भास्कर, संतोष वीर, सुमित्रा सिंह, दीपिका सोनी, संगीता प्रजापत, कमलेश कुमार, सुरेश कुमार, नेमाराम बावरी, संतोष स्वामी, चैनप्रकाश प्रजापत प्रधानाचार्य, गणेशमल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## एमएनआईटी में कल इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट कॉन्क्लेव में उद्योग होंगे शामिल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर में 10 अप्रैल को एमएनआईटी इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया जाएगा। विकसित भारत 2047 और एनईपी 2020 के विजन के अनुरूप यह आयोजन शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में 150 से अधिक प्रमुख उद्योगों वोल्वो, ओरेकल, इन्फोसिस, गूगल, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस, सैमसंग सहित कई संस्थानों को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य सचिव वी. श्रीनिवासन करेंगे। वहीं विभिन्न आईआईटी-एनआईटी के निदेशक, उद्योग विशेषज्ञ और सीआईआई के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में लैब से बाजार तक और कौशल अंतराल को भरना जैसे विषयों पर पैनल चर्चा, विभागीय संवाद सत्र, प्रोजेक्ट, पोस्टर प्रदर्शनी और छात्र नवाचारों का प्रदर्शन होगा। उत्कृष्ट परियोजनाओं को सम्मानित किया जाएगा तथा सांस्कृतिक संध्या में विश्व मोहन भट्ट प्रस्तुति देंगे। एमएनआईटी ने 483 शोध परियोजनाओं के माध्यम से 202 करोड़ से अधिक की फंडिंग प्राप्त की है और प्लेसमेंट में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 664 ऑफर हासिल किए हैं, जिसमें अधिकतम पैकेज 56 लाख तक रहा। कॉन्क्लेव को शिक्षा और उद्योग के बीच सेतु बनाते हुए नवाचार, शोध और रोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण मंच माना जा रहा है।

## पुलिस कमिश्नर 11 अप्रैल को चौमूं थाने में करेंगे जनसुनवाई

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल 11 अप्रैल को पुलिस थाना चौमूं में जनसुनवाई करेंगे। यह जनसुनवाई दोपहर 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र के परिवादियों की समस्याएं सुनी जाएगी और मौके पर समाधान का प्रयास किया जाएगा। पुलिस प्रशासन के अनुसार इस जनसुनवाई में चौमूं सर्किल के चौमूं, हरमाड़ा, विश्वकर्मा और दौलतपुरा थाना क्षेत्रों से जुड़े परिवादियों की शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान करना है। गौरतलब है कि इससे पहले भी पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर, भांकरोटा, बस्सी और शिवदासपुरा थानों में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा चुका है। पुलिस प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित समय पर उपस्थित होकर जनसुनवाई का लाभ उठाएं।

## विद्यार्थियो को बाटी पाठ्य सामग्री



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** ठरडा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसीबीईओ रणजीतसिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य रामावतार शर्मा, ताराचंद स्वामी, सुरेंद्र कुमार वर्मा भी मंचस्थ रहे। इस अवसर पर श्री सुरपत चैरीटीज बैंगलोर के सौजन्य से लगातार 10 वें वर्ष पाठ्य सामग्री, जूते जुर्राब का वितरण अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को किया गया। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य सुमन बुगालिया, सीमा मीणा, अभिव्यक्ति शर्मा, सुनीता गढ़वाल, नीतू मंगनानी, कमल जाट आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।



## समीक्षा बैठक आयोजित

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार बुधवार को चूरू पंचायत समिति सभागार में स्वच्छ भारत मिशन सहित ग्रामीण विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान बीडीओ महेन्द्र कुमार भार्गव ने कहा कि विभागीय कार्यों में सभी फील्ड स्तरीय अधिकारी समुचित मुस्तैदी रखें और विभागीय निर्देशों की समयबद्ध व समुचित पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वच्छता दल का गठन किए जाएं और संकुल प्रभारी ग्राम पंचायतवार साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। स्वच्छता अभियान में लापरवाही करने वाले संबंधित कार्मिक के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

एसबीएम जिला समन्वयक श्यामलाल पारीक ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नियमित सफाई, सामुदायिक स्वच्छता परिसर एवं पिंक शौचालय को क्रियाशील करवाने, ग्राम पंचायत में दृश्यमान सुन्दरता, स्वच्छता अभियान में ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रशासक के दायित्वों तथा वर्ष 2026-2027 की कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। ब्लॉक प्रभारी सहायक विकास अधिकारी सुरेश कुमार सैनी ने कचरा परिवहन के टेण्डर में तकनीकी अधिकारियों की भूमिका, ग्राम पंचायत का रूट चार्ट, कचरा परिवहन ट्रोली पर जिंगल/कचरा संग्रहण का स्थान सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता व पर्यावरण पर विशेष जानकारी दी। ब्लॉक समन्वयक राजीव कुमार ने ग्राम पंचायतवार प्रगती प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इस दौरान सभी सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, संकुल प्रभारी, कनिष्ठ तकनीकी सहायक एवं कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहे।

## शिविर में 278 यूनिट रक्तदान



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** महात्मा ज्योतिबा राव फुले व बाबासाहेब डॉ बी आर अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में सीआर मैना मैरिज गार्डन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी अशोक वर्मा, जितेन्द्र देवठिया ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारम्भ विजयपाल खीचड़, रामलाल सैनी, सज्जन सैनी ने ज्योतिबा फुले एवं बाबासाहेब डॉ अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया। शिविर में 278 यूनिट ब्लड यूनिट एकत्रित किया गया। शिविर में महिलाओं, युवा रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। पंकज सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में एसके हॉस्पिटल ब्लड सेन्टर, गुरुकृपा ब्लड सेन्टर, शेखावाटी ब्लड सेन्टर, मित्तल ब्लड सेन्टर, गेटवेल ब्लड सेन्टर की टीमों द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। इस मौके पर रामावतार बागड़ी, राकेश कटारिया, सुरेश बागड़ी, बनवारी गुर्जर, हिमांशु सैनी, सचिन सैनी, विनोद पवार, प्रकाश रॉयल, कमल पवार, करण सैनी, चंद्र सिंह, बंशीलाल सैनी, अमरचंद गरवा, फिरोज खान, इमरान खान, सुरेश दानोदिया, महेन्द्र नारनोलिया, किरण झीगर, सभापति जीवण खां, रतनलाल जलधारी, रतनलाल सैनी, विक्रम भादवाड़ी, संजय वर्मा, विकास दानोदिया, राजेश जोया, बीएल मील, सतेन्द्र कुड़ी, मोहन बाजोर, सन्नी शिवसिंहपुरा, अनिल बेरवाल, किशनसिंह अध्यापक, रमेश मलकेड़ा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## ले. जनरल सगत सिंह का मूर्ति अनावरण कार्यक्रम 22 को

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** जिला स्टेडियम चूरू में महान सेना नायक ले. जनरल सगत सिंह की आदमकद मूर्ति अनावरण का कार्यक्रम 22 अप्रैल को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर भाजपा युवा नेता पवन सिंह कुसुमदेसर के नेतृत्व में कार्यकर्ता गांव-गांव जा कर पीले चावल बाटकर चूरू चलने का न्योता दिया व कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भगीरथ सिंह राठौड़ जिला उपाध्यक्ष ने कहा की सगत सिंह एक जाति के नहीं देश के हीरो थे। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी नए भारत के निर्माण में सहायक है। पवन सिंह कुसुमदेसर ने सगत सिंह के सैन्य योगदान 1961 गोवा मुक्ति संग्राम, 1967 नाथूला में चीन संघर्ष व 1971 भारत-पाक युद्ध में विश्व के मान चित्र पर बांग्लादेश जैसे देश का उदय कर देना ऐसे थे सगत सिंह। कार्यकर्ता यात्रा लधासर, जालेउ, मालपुर, खारीया, गोरीसर, दाऊदसर, सेहला, रतनसरा, खुडेरा बड़ा, मोलीसर, जांदवा, बछरारा, टीडीयासर, घूमन्दा बिका की ढाणी जाकर सम्पर्क कर चूरु पहुंचने का आह्वान किया। इस मोके पर गजेंद्र सिंह, गिरधारी सिंह, महेंद्र सिंह पर्वत सिंह आदि साथ उपस्थित थे।






## विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिकाएं वितरित

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती ग्राम सारोठिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिकाएं वितरित की गई। स्टाफ सचिव पूसाराम स्वामी ने बताया कि सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ द्वारा प्रदत कक्षा प्रथम से पांचवी तक के सभी नामांकित विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिकाओं का एक-एक सैट प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य गोपाललाल यादव, दामोदर शर्मा, चेनाराम पूनियां, सतपाल सिंह मीणा, राजकुमारी मीना, सुमित्रा गोदारा व सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ के प्रतिनिधि अध्यापक नरेश गुर्जर, श्रवण कुमार आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** सीकर में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र योजना के अंतर्गत जागरूकता सप्ताह के तहत बुधवार को महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार गुलाबी देवी बिद्वावतजीका कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सीकर में बालिकाओं की सुरक्षा, विधिक जागरूकता एवं डिजिटल सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रिंसिपल त्रिपुरा के समन्वय में किया गया। कार्यक्रम में केंद्र प्रबंधक नीलम कुमारी एवं रिचा पारीक ने बढ़ते साइबर अपराधों के संदर्भ में डिजिटल सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आजकल साइबर अपराधी एआई तकनीक का दुरुपयोग कर ष्डिजिटल अरेस्ट जैसे माध्यमों से लोगों को डराकर पैसे ठग रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूपीआई एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से बड़े स्तर पर धोखाधड़ी हो रही है, जिसमें अपराधी भरोसेमंद व्यक्ति को निशाना बनाकर व्यक्तिगत डेटा लॉक कर धन की मांग करते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, समय-समय पर पासवर्ड बदलने, अनजान व्यक्तियों से डेटा साझा नहीं करने एवं संदिग्ध वीडियो कॉल से बचने की सलाह दी गई। इस अवसर पर एडवोकेट अनुराग शर्मा ने बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि पॉक्सो अधिनियम 2012 के तहत नाबालिगों के विरुद्ध यौन अपराधों पर कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत 6 से 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार की जानकारी दी। साथ ही भारतीय दंड संहिता की धारा 376 सहित छेड़छाड़, पीछा करने जैसे अपराधों पर सख्त प्रावधानों एवं बाल श्रम अधिनियम 1986 के बारे में भी विस्तार से बताया। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से राकेश चिरानिया एवं ममता सैनी की टीम द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल विवाह रोकथाम के लिए उपस्थित बालिकाओं को शपथ दिलाई गई। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से राजेश कुमारी ने वन स्टॉप सेंटर एवं महिला सुरक्षा सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर साझा किए। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## 11 से 14 अप्रैल तक फुले-अंबेडकर जयंती समारोह

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को प्रदेशभर में धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियों की समीक्षा की। अंबेडकर भवन, जयपुर में आयोजित बैठक में अनुसूचित जातिध्जनजाति के प्रबुद्धजनों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से सुझाव लेकर कार्यक्रमों को वृहद रूप देने की रूपरेखा तय की गई। मंत्री ने बताया कि 11 से 14 अप्रैल तक चार दिवसीय समारोह आयोजित किए जाएंगे। 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। इस दिन प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कलेक्टरों द्वारा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। 12 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर के जीवन और संविधान जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे। संविधान को जानें विषय पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता शुरू की जाएगी, जो 14 अप्रैल तक चलेगी।

13 अप्रैल को छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में अंबेडकर के जीवन पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन तथा स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित होंगे। 14 अप्रैल को जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के भवानी निकेतन महाविद्यालय में आयोजित होगा, जिसमें भजनलाल शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन, शपथ ग्रहण, अंबेडकर पुरस्कार वितरण और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। गहलोत ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संविधान की महत्ता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों से जोड़ना है। कार्यक्रमों में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, स्कूल शिक्षा और स्वायत्त शासन विभाग सहित विभिन्न विभागों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

## शिविर आज

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में गुरुवार को सुबह 10 बजे से सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर अटल जन सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के दौरान सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहकर आमजन के परिवाद सुनेंगे और मौके पर ही निस्तारण के प्रयास करेंगे।

### नाम परिवर्तन

मैं पिंकी जांगिड़ (PINKI JANGIR) पत्नी अरविन्द कुमार जांगिड़ जाति-जांगिड़, निवासी वार्ड नं. 5, चूड़ी चतरपुरा, जिला झुंझुनूं (राज.)। मेरे पासपोर्ट नं 5106144 में मेरा नाम PINKI दर्ज है। अब मैंने मेरा नाम PINKI JANGIR रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जावें व पासपोर्ट में भी दुरूस्त करें।

### नाम परिवर्तन

मैं नरेन्द्र सिंह पुत्र भादर सिंह जाति-राजपूत, निवासी-बिराण, तहसील-राजगढ़, जिला चूरू, राज.। मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या 195571871 में मेरा नाम संजय कुमार दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम नरेन्द्र सिंह है जो मेरे अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है भविष्य में मुझे नरेन्द्र सिंह के नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरी एलआईसी पॉलिसी में भी दुरूस्त करें।

### नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र निखिल कुमार के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम सुनिता देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम सुनिता कुमारी वर्मा है। भविष्य में मुझे सुनिता कुमारी वर्मा के नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

**सुनिता कुमारी वर्मा पत्नी राकेश कुमार निवासी-गोवला, तहसील-चिड़ावा, जिला-झुंझुनू (राज.)**

## फर्जी फोन-पे पेमेंट दिखाकर ज्वैलर्स से सोने की अंगूठी लेकर फरार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के सांगानेर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। श्योपुर रोड, प्रताप नगर स्थित सहदेवड़ा ज्वैलर्स में मंगलवार दोपहर एक शातिर बदमाश फर्जी फोन-पे पेमेंट का झांसा देकर करीब 75 हजार रुपए कीमत की सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गया। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। थानाधिकारी लिखमाराम ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे एक युवक ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचा। आरोपी ने महंगे कपड़े पहन रखे थे और आंखों पर गॉगल लगाया हुआ था, जिससे वह सामान्य ग्राहक जैसा प्रतीत हो रहा था। उसने सोने की एक अंगूठी पसंद की और भुगतान के लिए फोन-पे से ट्रांजैक्शन करने का नाटक किया। आरोपी ने दुकानदार को मोबाइल पर फर्जी पेमेंट स्क्रीन दिखाकर विश्वास में लिया और अंगूठी लेकर बाहर निकल गया। दुकान से निकलते ही वह अपने साथी के साथ कुछ ही सेकंड में फरार हो गया। पीड़ित रामगोपाल सोनी ने बाद में जब उन्होंने अपने बैंक खाते की जांच की तो कोई रकम ट्रांसफर नहीं हुई थी। इसके बाद उन्होंने सांगानेर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपी की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस टीम संदिग्धों की तलाश में दबिश दे रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

## कार्यालय उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उपनिदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, सीकर

क्रमांक:- आसांवि/जनगणना 2027/2025-26/592 दिनांक:- 03.04.2026

**खुली निविदा सूचना 01/2026-2027 एवं 02/2026-27**

कार्यालय, उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उपनिदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, सीकर के अधीन जनगणना कार्य हेतु 2 तकनीकी सहायक व 1 एमटीएस एवं जिले के समस्त चार्ज जनगणना अधिकारियों (तहसीलदार/आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी) के लिये कुल 27 तकनीकी सहायक (प्रत्येक चार्ज के लिये 01 तकनीकी सहायक) का कार्य जॉब बेसिस (Outsource of work) पर करवाने हेतु इच्छुक पात्र संवेदकों से दिनांक 13.04.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत राशि 89.16 लाख रूपये है एवं 03 Computer (Medium Level Configuration), 01 Leptop (Medium High Level Configuration), 27 All In One Desktop Computer (Entry Level Configuration) And 30 Printer (MFP- Medium Level Configuration Laser 25 PPM) हेतु इच्छुक पात्र संवेदकों से दिनांक 13.04.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत राशि 28.05 लाख रूपये है। विस्तृत निविदा https://eproc.rajasthan.gov.in and https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB- ESD2627A0005 And UBN-ESD2627SLOB00005

NIB- ESD2627A0004 And UBN-ESD2627GLOB00004

उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उपनिदेशक,
आर्थिक एवं सांख्यिकी, सीकर

DIPR/C/6559/2026

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190